इब्रानियों, अध्याय सात 2

आपको आशीष दे! मुझे लगता है, पहले, हमारे पास यहाँ एक छोटा बालक है, डॉक्टर ने मुझे कुछ मिनट पहले बताया, मेरे भाई, शरीर में एक भाई, जो चाहता था... समर्पण के लिए। और अब यदि उन माताओं ने अपने छोटे–छोटे बच्चों को लाया हैं जिन्हें वे प्रभु को समर्पित करना चाहती हैं, हमें खुशी होगी कि वे अभी यहाँ लेकर आये, उनके छोटे बच्चों को लेकर आये।

239 अब, और बहुत से लोग, वे, जिसे वे बता रहे हैं, कि उन्हें बपतिस्मा देना हैं। मेथोडिस्ट कलीसिया जो करते है, और मैं सोचता हूँ नाजरीन। मुझे पक्का नहीं है। नहीं। मैं सोचता हूं कि वे जिस बात पर अलग–अलग हुए थे, वह था शिशु का बपतिस्मा, नाज़रीन और फ्री मेथोडिस्ट के लोग। लेकिन, हालांकि, उनमें से कुछ, वे कुछ तो और करते हैं। लेकिन, और उनमें से कुछ उन पर थोड़ा सा पानी डालते हैं। कुछ उन पर जल को छिड़कते है। और, लेकिन हम हमेशा बाईबल के उतने ही नजदीक रहने की कोशिश करते हैं जितना हम जानते हैं कि कैसे रहना है। अब, बालक पर छिड़काव करने के लिए बाईबल में कोई वचन नहीं है, न ही बाईबल में ऐसा कोई वचन है जिसे किसी व्यक्ति पर छिड़काव किया जा सके। यह कोई वचन के अनुसार बात नहीं है। यह एक कैथोलिक कलीसिया का आदेश है।

240 लेकिन वे—लेकिन वे करते हैं, लाते... उन्होंने छोटे बच्चों को यीशु के पास लाया। और—और हमें उसका प्रतिनिधित्व करना है। हम उसी बात को करना चाहते हैं जो उसने किया। उसने उन पर हाथ रखा और—और उन्हें आशीष दिया, और कहा, “छोटे बच्चों को मेरे पास आने दो, और उन्हें मना मत करना, क्योंकि स्वर्ग का राज्य उन्हीं का है।” और यही है जिसे हम यहाँ टेबरनेकल में करना जारी रखते हैं, जैसा कि हम बाईबल के वास्तविक समर्पित करने के तरीके को आगे बढाने की कोशिश करते हैं, सबसे अच्छा जो हम जानते हैं कि कैसे करना है।

241 सो अब, यदि उस माँ ने, या किसी भी माँ को अपने छोटे बच्चों को समर्पित करना है, तो जबकि बहन गर्टी *उन्हें अंदर लाओ* बजाती हैं, सो,

आप उन्हें वेदी तक लेकर आये। भाई और मैं नीचे आएंगे और उन छोटे बच्चों को प्रभु को समर्पित करेंगे। तो ठीक है।

भाई नेविल... [टेप पर खाली जगह—सम्पा।]

242 धन्यवाद, बहन गर्टी। यह बहुत अच्छा है। कितने लोग छोटे बच्चों से प्रेम करते हैं? यदि आप नहीं करते हैं, तो आपके साथ कुछ तो गड़बड़ है, वहां पर कुछ तो गलत है।

243 अब, आज रात, अब बाकी सभाओं में जाना है। हम... कारण मैं आज रात फिर से आ गया। आमतौर पर इन दिनों जब हमारे पास चंगाई की सभाएं होती हैं, तो मैं दिन में केवल एक ही ले पाता हूँ, क्योंकि यह मुझे बहुत ही हिला देती है। आप इसे कभी नहीं जानते। और यहाँ अपनी कलीसिया पर कहीं और की तुलना में दोगुना ख़राब होता है।

244 और मैं ऐसी बड़ी भूल करने के लिए क्षमा मांग रहा था जो मैंने आज सुबह की थी। लेकिन पहली बात जिसने मुझे परेशान किया, जब बिली ने मुझे बताया कि उसे प्रार्थना कार्ड को देने के लिए इतने अधिक लोग नहीं मिले। वह केवल बारह या चौदह कार्ड ही दे सका था। और उसके पास... किसी को प्रार्थना कार्ड नहीं चाहिए थे। मुझे लगता है कि हर एक जन ठीक था। तो फिर इस पर, मैंने कभी नहीं सोचा था... और फिर जब मैंने उन प्रार्थना कार्डों को पुकारना शुरू किया, मैंने सोचा कि मुझे पूरे दस या बारह लोग मिलेंगे, या जो भी यहाँ पर होंगे। मैंने उन्हें पुकारा। मैं किसी एक संख्या पर पहुंचा, कुछ तो था, और इसने जवाब नहीं दिया। और मैंने पुकारा। इसने जवाब नहीं दिया। और मैंने इसके बारे में तब तक नहीं सोचा जब तक श्रीमती वुड ने मुझे नहीं बुलाया। उसने कहा, "भाई ब्रंहम, बिली उन कार्ड को लेता है और उन्हें एक साथ मिलाता है, और बस उन्हें बांट देता है। उसके पास वह तीन संख्या का हो सकता था," (क्या ऐसा नहीं था?) "उसकी जेब में तीन संख्या का कार्ड था।"

245 निश्चय ही, वह आम तौर पर पूरे पचास कार्ड देता है। जब वह उन्हें लोगों के सामने रखता है, तो वह बस उन्हें एक साथ मिला देता है। जिससे कि हर एक जन... यह नहीं कहना चाहिए, "मुझे संख्या एक का कार्ड दे दो।" या, हो सकता है कि हम संख्या एक पर शुरू न करें। हम पचास से शुरू कर सकते हैं, हम नहीं जानते, और पीछे की ओर से आरंभ कर सकते हैं। हम आठ से शुरू कर सकते हैं और वहां से आगे बढ़ सकते हैं।

हो सकता है बीस पर शुरू करे और आगे बढे। हम नहीं जानते। लेकिन वह बस उन कार्ड को एक साथ मिला देता है और लोगों को जब वे चाहते हैं उन्हें बांट देता है। और मैं, इस सुबह ना ही ये सोचते हुए, मैंने चार या पांच लोगों को बुलाया होगा, और हो सकता है वे वहाँ पर नहीं होंगे, क्योंकि यह हो सकता है बीस या तीस संख्या के आस पास रह होगा, आप देखे। और, फिर, लेकिन प्रभु ने इस कार्य को किया, लेकिन इसका बस इसके लिए उसका—उसका वास्तविक दबाव नहीं होता है, जैसे मैं कहीं यहाँ से बाहर जाता हूं। मैं हो सकता है कभी भी फिर से इसे कोशिश—इसे कोशिश नहीं करूं।

246 लेकिन, यहाँ कुछ समय पहले, मैंने प्रभु से पूछा कि क्या वह हमें एक अच्छी सभा को देगा, कि मैंने वादा किया था कि मैं—मैं उससे यह अब और नहीं मांगूंगा कि, क्योंकि यह बहुत ही कठिन बात रही है। और यह वचन के विपरीत है। देखा? और यदि आप... यही है जो मेरे लिए इसे कठिन बनाता है। क्योंकि, यह जानते हुए, यह मुझे एक—एक हार को देता है, आरंभ से ही। देखा? मैं हारा हुआ हूँ, आरंभ से ही।

247 हालाँकि, आज दोपहर किसी ने तो किसी को फोन किया। श्रीमती वुड को किसी ने फोन किया था। और कहा, कि, "आज सुबह कलीसिया में किसी को फोन किया गया था, एक मनुष्य के बारे में जो बहुत ही, बहुत बीमार था, जो आज दोपहर मसीह के पास आया, उसके बाद में।" वो—वो मनुष्य जो बहुत बीमार था मसीह के पास आया।

248 और एक और बात, श्रीमती वुड ने मुझे बताया कि मैंने उनकी बड़ी बहन से बात की थी, कि मैं वास्तव में एक दिन उसके घर में था और उसके साथ रात का खाना खाया, या उसके साथ केंटकी में रात का भोज किया था। और सर्वशक्तिमान परमेश्वर यह जानता है कि मैंने उस स्त्री को नहीं पहचाना। देखा? यह सही है। बस... दर्शन स्वतन्त्र होते हैं। हम कभी नहीं जानते कि वे कैसे होने वाले हैं या क्या घटित होने वाला है। यह परमेश्वर पर निर्भर करता है, और क्या—क्या बात जगह लेती है। लेकिन मैं जान गया, उनके लिए रुका हुआ था, वहां इसके लिए प्रतीक्षा कर रहा था।

249 और एक दिन जब यह छोटी लड़की यहाँ पर थी, माना जाता था कि उसके पास परखना था, जो मैं नहीं... देखो, यदि परमेश्वर सारे संसार को

यह दे, तो यह ठीक होगा; लेकिन यदि ऐसा होता था, तो यह उस बात के विपरीत था जो उसने मुझे यहाँ सड़क पर बताया था, आप देखिए, कुछ साल पहले। और हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि यह सही था, और कलीसिया को, जो कि यहाँ थी, इसे देखने दें। और इसलिए मैंने उस श्रीमती स्नाइडर को फोन किया। बहन स्नाइडर। वह यहीं कहीं पर है। उसे सुनने में थोड़ी मुश्किल होती है। और छोटी महिला ने इसे धीरे से बोला, और कहा, "आपको गठिया है," या गठिया, ऐसा ही कुछ तो।

250 जो, मुझे पता था कि यह एक टूटी हुई कमर थी। और इसलिए, और फिर पवित्र आत्मा ने उसे इस सुबह को लाया। देखा?

251 अब, यह क्या है, यह एक दिव्य दान है, और ये अपनी प्रधानता में कार्य करता है। लेकिन क्या है यहाँ शहर में इसे इतना कठिन बनाता है, ईमानदारी, मैं—मैं यहाँ बीमारों के लिए प्रार्थना करने में हर समय उलझा रहता हूँ। या—या... मैं जाकर, यह बात लोगों को बताऊंगा। मैं जाकर, कहूंगा, "अब प्रभु ने आपको चंगा किया है। उन्नीस सौ वर्ष पहले जब वह आपके लिए मरा तो यीशु ने आपको चंगा कर दिया। ठीक वहीं पर आप चंगे हो गए। अब, जहां तक परमेश्वर का संबंध है, जहां तक मसीह का संबंध है, आप उन्नीस सौ वर्ष पहले चंगे हो गये थे। आपकी बीमारी दूर हो गई थी। इसे करने के लिए आपके विश्वास की आवश्यकता है।"

252 और फिर वह व्यक्ति इधर–उधर जा सकता है और चंगा नहीं होता है। उसके बाद वो व्यक्ति वहां पर आता है, कहता है, "भाई ब्रंहम ने तो मुझे बताया कि मैं चंगा हो गया था।" देखा? मैं आपको वो बता रहा हूं कि परमेश्वर ने क्या कहा।

253 अब, जब इसे सीधे किसी व्यक्ति से बोला जाता है, सीधे–सीधे तो, "यह **यहोवा यों कहता है** होता है," एक निश्चित चीज पर जो बात जगह लेने जा रही है। यह आपको ठीक वहीं पर साबित करेगा कि आपकी चंगाई पहले से ही सुरक्षित है। आपके विश्वास ने इसे मोहर कर दिया है। देखा? प्रतिज्ञा आपकी है। यह मेरा शब्द नहीं है। यह परमेश्वर का वचन है, कि आप पहले ही चंगे हो चुके हैं। देखा? लेकिन आप बस... किसी एक और तरह से, मैं—मैं जेफरसनविले में यहां के लोगों में इस बात को अंदर नहीं डाल सकता। मैं—मैं बस इसे घटित नहीं कर सकता। मैं जानता हूं। मैं इसे

समझाने की कोशिश करूँगा जितना मैं कर सकता हूँ, और ये तब—ये तब घटित नहीं हो जायेगा। बस ऐसा ही है। मैं कहता हूँ...

254 यहाँ, कुछ समय पहले, मैं एक घर में गया, एक व्यक्ति के पास, और वह मनुष्य मर रहा था। और उन्होंने मुझे बुलाया, "आकर, उसके लिए प्रार्थना करें। डॉक्टर ने कहा कि वह सुबह तक जीवित नहीं रहेगा।"

255 मैं भीतर गया। और उस युवा व्यक्ति ने मुझ से कहा, "श्रीमान ब्रंहम, मैं मरना नहीं चाहता।" क्यों, निश्चित रूप से युवा व्यक्ति नहीं चाहता। वहां उसका दो बच्चों का परिवार था।

256 खैर, मैं वहां पर गया। मैंने कहा, "अब, देखो, आपका डॉक्टर कौन है? " उसने मुझे बताया। मैंने कहा, "अब, डॉक्टर ने शायद कहा होगा कि आप—आप मरने वाले हो, लेकिन परमेश्वर ने अभी तक नहीं बताया कि तुम मरने वाले हो।" मैंने कहा, "अब, बाईबल के अनुसार, आप पहले ही चंगे हो चुके हैं, क्योंकि यीशु आपकी चंगाई के लिए मरा।"

257 उसने कहा, "क्या आपको विश्वास है कि मैं चंगा हो जाऊंगा? "

258 मैंने कहा, "मुझे पूरी तरह से ये विश्वास है।"

259 तो ठीक है, यदि मैं एक व्यक्ति के लिए प्रार्थना करने गया हूं, और मैंने उस तरह के विश्वास का उपयोग नहीं किया, कि उसके लिए विश्वास करूं; यदि मैं जाऊँ, "ओह, नहीं, नहीं, यदि डॉक्टर ने कहा कि तुम मरने वाले हो, तो तुम मरने वाले हो। इससे अब बात खत्म हो जाती है।" अब, क्या वह कोई व्यक्ति नहीं होगा कि आकर बीमार के लिए प्रार्थना करे? मैं नहीं चाहूंगा कि वह व्यक्ति मेरे घर में, मेरे लिए प्रार्थना करे। मैं किसी को तो चाहूंगा कि, यहाँ तक उसने इसे नहीं भी देखा हो, या नहीं, वह विश्वास करे और मेरे लिए प्रतिज्ञा पर खड़ा रहे। यह सही बात है। और मैंने कहा... वह...

260 हमने जाकर और प्रार्थना की। मैंने कहा, "अब हिम्मत बांधो।"

261 उसने कहा, "क्या आपका मतलब है कि मैं चंगा हो जाऊंगा? "

262 मैंने कहा, "क्यों, निश्चय ही। परमेश्वर का वचन कहता है कि आप चंगे हो जाओगे। देखो, 'यदि तुम विश्वास कर सकते हो, तो सब कुछ संभव है।'"

263 उसने कहा, “तो ठीक है, मैं इस पर विश्वास करूंगा।” और बाहर जाकर अपनी पत्नी से कहा...

264 “वो मनुष्य मर रहा है, क्या वो नहीं मर रहा है? ”

265 “हाँ, वह मर रहा है।” और इसलिए अगले दिन, या उसके दो दिन बाद, वह मनुष्य मर गया।

266 फिर यह महिला बाहर निकलती है और शराब पीना आरंभ करती है और जारी रखती है। और डीकनों में से एक, मैं सोचता हूं कि ये इसी कलीसिया का था, महिला के पास गया और उससे पूछा कि क्या वह वापस लौटकर और कलीसिया वापस आएगी। उसने कहा, “मैं किसी पर विश्वास नहीं करूंगी। प्रचारक ब्रंहम ने यहां आकर और मेरे पति के लिए प्रार्थना की, कहा कि वो जीवित रहने वाला है, और दो या तीन दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। इसलिए, मैं विश्वास नहीं करूंगी।” *अब* वो मर रही है। तो ठीक है।

267 लेकिन, हालांकि, आप देखते हैं, यह केवल यह दिखाता है कि लोग आप जो कह रहे हैं उस पर ध्यान नहीं देते हैं। समझे? निश्चित रूप से। यदि मैंने किसी व्यक्ति के लिए प्रार्थना की, और मैं—मैं उन लोगों से कहता हूं कि वे जियेंगे। मैं विश्वास करता हूं कि वे जियेंगे। लेकिन, कोई फर्क नहीं पड़ता, यदि मेरा वचन पूरी तरह से **यहोवा यों कहता है** होने दो, और आप उस पर अविश्वास करते हो, तो आप कुछ भी हो, मर जाओगे। निश्चित रूप से। *यहाँ* **यहोवा यों कहता है**, वाला वचन है और उन में से बहुत से उसे ग्रहण करके और मर जाते हैं। उनमें से बहुत से नरक में जाते हैं, जब, **यहोवा यों कहता है**, “आपको नहीं करना है।” क्या यह सही है? निश्चय ही। देखा? यह क्या है... यह सब आपके विश्वास पर आधारित होता है।

268 भाई कोलिन्स, मुझे नहीं लगता कि वह आज रात में यहाँ है। लेकिन आज सुबह उनकी बात सुन रहा था, उन्होंने उस पर सबसे साहस पूर्ण बात की। समझे? देखा? उन्होंने की। उन्होंने कहा, “अब, वही विश्वास जो आप यहाँ पर रखते हैं, वही विश्वास आपको वहाँ भी रखना होगा। क्योंकि, यह आपका व्यक्तिगत विश्वास है, ना ही आपके संप्रदाय में, लेकिन मसीह में। आपके पास वह विश्वास होना है।” यह बिल्कुल सही है। पूरी तरह से।

269 और दिव्य चंगाई आपके विश्वास पर आधारित होती है। लेकिन परमेश्वर के वचन के अनुसार, **यहोवा यों कहता है**, कि जब यीशु कलवरी

पर मरा तब हर एक मनुष्य चंगा हो गया था, “वह हमारे ही अपराधो के कारण घायल किया गया, उसके कोड़े खाने से हम चंगे हुए *थे*।” यह सही है? हम हुए *थे*। बाईबल ने कहा, “आप चंगे हुए थे।” इसलिए मुझ पर दोष मत लगाओ, मैं तो केवल वचन का प्रचारक हूं। आप जाकर परमेश्वर से कहो कि उसने कुछ गलत बताया था, और तब परमेश्वर आपको बताएगा कि आपकी कमजोरी कहां है। देखा? तो, यह आपका विश्वास है। यीशु ने कहा, “यदि तुम विश्वास कर सकते हो। यदि तुम विश्वास कर सकते हो।”

270 अब, जब आप सुनते हो कि पवित्र आत्मा ने आपके विश्वास की पुष्टि की है और उसे दृढ़ किया है, और कहा, “**यहोवा यों कहता है**, ‘कल इस *निश्चित* समय पर, तुम्हारे पास एक *निश्चित* चीज होगी। *निश्चित* बात जगह लेगी। यह यहाँ एक *निश्चित* तरीके से होगा, और तुम यहाँ एक *निश्चित* चीज़ से मिलोगे। यह तुम्हारे लिए एक चिन्ह होगा।’” अब, आप इसे देखना। यह एक पूरा हुआ काम है, ठीक अभी यहाँ पर।

271 लेकिन जब ये दिव्य चंगाई के कहने की बात आती है, मुझे दिव्य चंगाई को उसी आधार पर, उस ढंग से, उद्धार के रूप में रखना होगा। आप में से प्रत्येक, कोई फर्क नहीं पड़ता आपने कुछ भी किया हो, यीशु के मरने के बाद से आप बचाए गए हैं, क्योंकि वह संसार के पापों को दूर करने के लिए मर गया। लेकिन जब तक आप व्यक्तिगत रूप से इसे स्वीकार नहीं करते और इसका अनुभव नहीं करते तब तक यह आपके लिए कभी भी भला नहीं करेगा। लेकिन जहां तक आपके पापो की बात है, तो वे पहले ही क्षमा किए जा चुके हैं। यह सही है। वो... “परमेश्वर के मेमने को देखो जो जगत के पापों को उठा ले जाता है।” देखा? वहां आप हैं। अब इसे याद रखना।

272 अब, मैं जानता हूँ कि शिक्षण में, वचनों में, हम एक मिली-जुली सभा के लोग हैं। और बहुत सी बार, इब्रानियों की इस किताब में, जो कि बहुत गहराई की किताब है... मुझे इसे अभी कुछ समय के लिए छोड़ना होगा। मैं आज रात उस 7वें अध्याय के अंतिम भाग को समाप्त करने की कोशिश करूंगा।

273 और अब आपके मन में बहुत सवाल हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। आप में से बहुत से लोगों के सवाल हैं, और मेरे पास भी होंगे। अब, अगली बार,

प्रभु ने चाहा, जब मैं आऊँगा...

274 मैं अब मिशिगन जा रहा हूं। और फिर, मिशिगन से, मैं कोलोराडो जा रहा हूँ। और कोलोराडो से, वेस्ट कोस्ट की ओर। अब—अब, जब हम आयेंगे, प्रभु ने चाहा... अब, मैं नहीं जानता। यदि मैं रविवार को, शिकागो में नहीं रहूंगा, तो मैं आने वाले रविवार की रात के लिए यहां वापस आ सकता हूं।

275 अब हम अपने पास्टर को लगभग छह सप्ताह से पुलपिट से बाहर रख रहे हैं, यहाँ इस किताब को लेने के लिए, इन—इन—इन सब में होते हुए। देखा? अब हम... मुझे ऐसा करना पसंद नहीं है। भाई नेविल एक प्यारे, मधुर, दयालु भाई हैं। और मुझे यकीन है कि यह कलीसिया भाई नेविल से प्रेम करती है।

276 वैसे, जब मैं बोल रहा हूँ, कोई तो, इस देश में कहीं तो, कुछ सूची को लिखने का दोषी है, कि भाई नेविल को इस पुलपिट से बाहर करें। आपको इसके लिए मेरे साथ बात करना होगा। हूं-हुंह। यह सही है। हूं-हुंह। हाँ, वास्तव में। अब, मैं चाहता हूँ आप... ने कहा-... डीकन बोर्ड के बारे में कुछ कहा। डीकन बोर्ड का उस पास्टर से कोई लेना-देना नहीं है। नहीं, श्रीमान। सभा के लोगो के पास, पूर्ण रूप से, सारा अधिकार है। ऐसा नहीं है... एक डीकन बोर्ड यहाँ इस कलीसिया में केवल पुलिसवाले हैं, केवल व्यवस्था और इत्यादि को रखने के लिए। लेकिन जब नियमों की बात आती है तो पूरी कलीसिया को ऐसा कहना पड़ता है। यह कलीसिया स्थानीय कलीसिया के स्वयं अधिकार पर बनायी गयी है। इसलिए, मुझे इस पास्टर को हटाने या किसी को अंदर लाने के बारे में कुछ नहीं कहना है। मैं संपत्ति का मालिक हूं; इसे कलीसिया को दिया गया है। आप सभी कलीसिया हो। आप लोग ही नियंत्रण करने वाले हैं। आप अपने आप में कलीसिया हैं। और कलीसिया, परमेश्वर की पवित्र कलीसिया स्वयं में अधिकार रखती है, उस कलीसिया की पवित्र आत्मा के। और केवल एक चीज जो मैं करता हूं मेरी खुद की संपत्ति है, इसे इस कलीसिया को सौंप देता हूं, जैसे इसे एक कलीसिया के लिए दे देते है, और यह टेक्स से मुक्त होती है। और कलीसिया उनके स्वयं के पास्टर का चुनाव करती है। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं होता है। और केवल एक ही तरह से यह पास्टर कभी छोड़कर जा सकता है, पास्टर खुद जाने का फैसला करे, या तो कलीसिया के अधिकांश वोटों को कहना

होगा, “पास्टर को बदलो।” यही एकमात्र तरीका है। कोई डीकन बोर्ड इसे नहीं कर सकता है। डीकन बोर्ड कलीसिया में केवल व्यवस्था और चीजों को बनाये रखता है।

277 ट्रस्टी, उनका इससे कोई लेना–देना नहीं है, केवल कलीसिया का सुधार करें। और वे इसे तब तक नहीं कर सकते जब तक कि वहां... सारा ट्रस्टी बोर्ड मिलता है और कहता है, “हम *इसे* निर्माण करेंगे, या हम *वो* करेंगे।” उसके उन्हें ट्रस्टी लोगो से पूछना होता है कि क्या उनके पास ऐसा करने के लिए पैसा है। जी हां, श्रीमान।

278 लेकिन यदि किसी सदस्य के विरोध में कोई शिकायत है, यदि किसी सदस्य के पास एक दूसरे के विरोध में शिकायत है, या कुछ गलत है, आपको उस भाई के पास स्वयं जाना चाहिए, और उससे बात करना चाहिए, आप और वो अकेले। उसके बाद यदि वे इसे ना माने, तो अगली बात जगह लेती है, आप डीकनों में से किसी एक को या किसी को भी ले, और अपने साथ उस भाई के पास लेकर जाये। तब यदि वह आपकी ना माने, तो आप आकर इसे कलीसिया को बताये। फिर यदि कलीसिया... तब यदि वह कलीसिया की ना माने, तब बाईबल ने कहा, “उन्हें अन्य जाति और महसूल लेने वाले के ऐसा जान।” यह सही है।

279 और कोई भी व्यक्ति जो किसी दोषी व्यक्ति को जानता हों, और आप उनके पास जाकर और बात न करे, तब आप परमेश्वर की कलीसिया का भाग हैं जो उस पाप के लिए उत्तर देने जा रही है। यह सही है।

280 और यदि किसी व्यक्ति के पास एक——एक डीकन के विरोध में शिकायत है, या डीकन या कलीसिया में किसी के विरोध में, इसमें तीन लोग लगते हैं। तीन लोग आकर और कहे, गवाही, दो या तीन गवाहों के मुंह से होनी है। आकर पास्टर को बताएं कि एक डीकन के विरोध में कोई शिकायत है। फिर यदि किसी डीकन के विरोध में कोई शिकायत है, तो डीकन एक——एक धर्मी मनुष्य, एक——एक सही मनुष्य नहीं है। उसे अवश्य ही एक डीकन के अधिकारिक पद को पकडे रहना चाहिए, निर्दोष, और फिर निर्दोष पाया जाए। और यदि उस सभा के लोगो को पता चलता है कि डीकन उस अधिकारिक पद पर नहीं है, वह अपने साथ तीन लोगो को लेकर और उसे पास्टर के पास जाता है। उस डीकन को रात भर घर में रहने के लिए कहा जाता है। और फिर पास्टर... आता है और सभा के लोगो को एक साथ

लाता है, शिकायत को बताता है। और यदि सभा के लोग डीकन को जारी रखने के लिए वोट देते है, तो वो डीकन के काम को जारी रखता है। यदि उसे–... डीकन को निकालने के लिए वोट देते हैं, वे उसी रात एक नए डीकन का चुनाव करते हैं। समझे?

281 इसलिए, इसमें किसी भी व्यक्ति का कोई लेना देना नहीं है। यह लोगों का बहुमत होता है। जी हां, श्रीमान। यदि बीस वोट उसके पक्ष में हों, और इक्कीस वोट उसके विरुद्ध हों, तो वह निकल जाता है; या इसके विपरीत क्रम में। देखा? अर्थात्, यह स्थानीय कलीसिया की स्वयं का अधिकार होता है और फिर, प्रत्येक सदस्य का कलीसिया में निर्णय होता है। कुछ भी गलत होता है, तो वे ठीक वहां आ सकते हैं, और केवल एक चीज जो उन्हें करनी है वह है परमेश्वर के सामने रखना है कि वे पूरी तरह से देख सके कि कुछ भी कलीसिया को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता है।

282 लेकिन कलीसिया का सम्पूर्ण और पूरी तरह से अधिकारी पास्टर होता है। इसे बाईबल में पढ़ें, देखें कि क्या यह बाईबल का आदेश नहीं है। यह बिल्कुल सही है। प्राचीन से ऊपर कोई नहीं है। भाई नेविल यहां जो कुछ करते हैं उससे मेरा कोई लेना–देना नहीं है। यह आप पर और भाई नेविल पर है। यदि भाई नेविल यहोवा विटनेस के सिद्धांत का प्रचार करना चाहते हैं, तो यह उन पर और आप पर निर्भर करता है। समझे? यदि वो कुछ भी प्रचार करना चाहते है जो वह चाहते है, तो वह आपके और उनके बीच है। ऐसा ही है। यदि सभा के लोग इसे वहाँ प्रचार करने के लिए उन्हें वोट देती है, तो ठीक है। यह भाई नेविल के ऊपर है।

283 केवल एक चीज जो मैं करता हूं, केवल संपत्ति का मालिक हूं। और यदि वहां कोई और आता है, जो कि इस पास्टर को बदलने जैसा है, और वे उस पर वोट लेना चाहते हैं, आप किसी डीकन को ऐसा करने के लिए नहीं कह सकते। आप मुझसे पूछने के लिए आओगे। मैं वहां आकर, कहूंगा, “यदि आप पास्टर को हटाना चाहते हैं, तो मुझे बताएं कि क्यों। क्या उसने कुछ किया है? ”

284 “हाँ। हमने उसे शराब पीते पकडा है।” या, “हमने उसे *ऐसा* करते हुए पकड़ा है, या कुछ तो करते हुए जो सही नहीं है।”

285 “क्या आपके पास इसके तीन गवाह हैं? ”

286 “जी हाँ। हमारे पास है।”

287 उन गवाहों को अवश्य ही पहले परखा जाना है। "एक प्राचीन के विरोध में लगाये गये आरोप को ना मान ले जब तक वहां दो या तीन गवाह ना हो, और पहिले उन्हें साबित करने दो; एक प्राचीन के विरोध में।" तब आपको इसकी शपथ लेनी होगी, कि आपने इसे देखा; और इसे साबित करे, कि आपने इसे देखा है।

288 और फिर, यदि आपने किया, तो वह पाप को खुले रूप से फटकारा जाता है, कि, "यह गलत है।" तब कहते हैं, "सभा के लोगो, क्या आप अपना पास्टर बदलना चाहते हैं? "

289 और यदि कलीसिया वोट देती है, "उसे क्षमा कर दो, और उसे अभी के लिए जाने दो," इसे इसी तरह से खड़ा होना है। देखा? वह, क्या यह उचित नहीं है? क्या यह कलीसिया चलाने का तरीका नहीं है? यही है जो बाईबल ने कहा। हमारे पास कोई बिशप और प्रधान, और बोर्ड और इत्यादि नहीं है, *इस* एक व्यक्ति अंदर लाते हैं और बहुत सा अधिकार जमा लेते हैं। यहाँ किसी के पास अधिकार नहीं है सिवाय पवित्र आत्मा के। यह सही है। वो चलाने का काम करता है। और हम उसे लेते है जैसे लोगों का बहुमत होता हैं, जिस तरह से लोग जाते हैं।

290 और फिर यदि एक पक्ष *ऐसा* करना चाहता है, और दूसरा पक्ष *वैसा* करना चाहता है, और एक पक्ष जीत जाता है, हारने वाला पक्ष, इसके बारे में वे क्या करते हैं? उनमें से बाकी के साथ सीधे जुडना होता है, कहें, "तब हम गलत थे। हम सीधे आगे बढ़ेंगे, क्योंकि पवित्र आत्मा ने उस चुनाव को किया है।" देखा? यह बिल्कुल सही है।

291 लोकतंत्रवादी और रिपब्लिकन के जैसे, जब तक हम एक लोकतंत्र के रूप में, अमेरिकियों के रूप में खड़े होते हैं। यदि लोकतंत्र अंदर हैं, तो रिपब्लिकन को उनके साथ आगे बढ़ेंगे; रिपब्लिकन अंदर, लोकतंत्र आगे बढ़ते हैं। देखा? यही है जो ठीक हमें एक राष्ट्र बनाता है। जब भी हम उसे तोड़ते हैं, हम अपने लोकतंत्र को तोड़ते हैं। यह सही है। लोकतंत्र कहता हैं, "मैं कुछ भी नहीं करूंगा; रिपब्लिकन अंदर थे।" तब हम पराजित हैं। मैं एक केंटुकियन हूं: एक साथ हम खड़े रहते हैं, और अलग–अलग होने पर हम पराजित जाते हैं।

292 अब, यदि कलीसिया में कुछ भी गलत होता है जिसके बारे में आप भी जानते हैं, किसी व्यक्तिगत या कोई व्यक्ति या किसी के भी विषय में, तो

आप कर्तव्य बनता हैं और यदि आप उस बात को साफ़ नहीं करते हैं तो आपको परमेश्वर के सामने जवाब देना होगा; आप, कलीसिया। अब, याद रखना, यह मेरे कंधों पर नहीं है। यह आप पर है। और कलीसिया में कुछ भी गलत हो, परमेश्वर आपको इसका उत्तर देने को लगाएगा। यह सही है। इसी तरह से वह अपनी कलीसिया को चलाता है। बाईबल में ये इसी तरह से है। यही बाईबल का क्रम है। यही स्थानीय कलीसिया का स्वयं का अधिकार है। पास्टर सिर है। यह सही है। आमीन।

293 अब, इस आशीषित, पुराने सन्देश पर यहाँ आते हैं। आप, अब मैं चाहता हूं कि आप इसे जानें। यह टेप में रिकॉर्ड हुआ है, याद रखिए, यह संदेश। और कलीसिया की टेप रिकॉर्डिंग, कलीसिया के व्यवस्था और नियम, यह टेप रिकॉर्डिंग पर है। यही बाईबल के अनुसार है। हम इसे नहीं चलाते; वहां सिर में कोई नहीं है। नहीं। हम सब एक जैसे हैं। लेकिन, हमारे पास एक अगुवा है, वह पास्टर है, जब तक वो पवित्र आत्मा के द्वारा अगुवाई से चलता है। सच है। तो ठीक है।

294 अब, यहाँ पर, वहां बहुत सारे प्रश्न होंगे। तो अगली बार जब वे प्रश्नों को देते हैं, और भाई नेविल रेडियो को चालू करते हैं कि मुझे यहाँ होना है, आप अपना प्रश्न लिख कर ले ले, ताकि आप और मैं इसका एक साथ हल कर सकें। आप क्या लिखेंगे? तो ठीक है।

295 मैं जानता हूं कि मैंने संतों की दृढ़ता पर सिखाया है। मैंने यीशु के सर्वोच्च दैविकता पर सिखाया है। मैंने विश्वासी की सुरक्षा, और पहले से निर्धारित करना, पहले से ठहराया जाना, और ऐसी बहुत सी बातों के बारे में सिखाया है। जो, मैं जानता हूं, मेरे सभा के लोगो में कई नियम वादी हैं, जो बिल्कुल ठीक बात है। पूरी तरह से। लेकिन, अब, वो बातें, मैं एक भी नियम वादी हूं, और मैं एक कैल्विनिस्ट हूं। मैं सिर्फ बाईबल पर विश्वास करता हूं। बस इतना ही है।

296 अब, यदि उनमें से कुछ, प्रश्न है। और मैंने प्रमाणों पर, सनसनी होना, और इत्यादि पर सिखाया है, और उन सभी बातों पर जिनसे आप असहमत हो सकते हैं। तो इन रातों में से एक रात को, हो सकता है, आइये इसे...

क्या आप यहां वापस आने की बड़ी जल्दी में हैं? [भाई नेविल कहते हैं, "नहीं।"—सम्पा।]

आइये इसे बुधवार की रात लेते हैं, इस आने वाली बुधवार की रात को, फिर मैं—मुझे लगता है मेरे—मेरे पास यह तब हो सकता है। बुधवार रात को अपने प्रश्न को लाये, इसे यहाँ मंच पर रखे, और प्रश्न बाईबल के विषय में हो, तो ठीक है, जिस पर मैं अभी सिखा रहा हूं। और बुधवार की रात को। और उसके आने वाले रविवार तक, फिर, मुझे लगता है कि मुझे—मुझे किसी भी तरह शिकागो में होना है। और मैं वहां से मिशिगन जा रहा हूं। प्रभु ने चाहा तो, मैं बुधवार की रात को यहां आऊंगा, प्रश्न का उत्तर देने की कोशिश करूंगा जितना मैं अच्छा कर सकता हूं। और अब प्रभु दया करे।

अब आइये हम अपने सिर को झुकाते हैं, बस कुछ क्षण के लिए।

297 अब, धन्य प्रभु, यह आपकी महान अर्थव्यवस्था है। यह आपकी कलीसिया है। यह आप हैं, प्रभु, जो चल–फिर रहे है, और हम आगे चलना चाहते हैं जैसे परमेश्वर की आत्मा हमें चलाती है। और अब हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमें आशीष दें। और जब हम इस संदेश का पूर्वाभ्यास करते हैं, और इन गहरी बातों के अंदर उतरते हैं, हम प्रार्थना करते हैं कि पवित्र आत्मा उन्हें ठीक वैसे ही हम पर प्रकट करेगा जैसे हमें आवश्यकता है। क्योंकि हम इसे उसके नाम में माँगते हैं। आमीन।

298 अब, ओह, मैं... इब्रानियों की यह किताब, मैं महान किताबों में से एक के रूप में इसे महत्व देता हूँ।

299 थोड़ी देर बाद, यह हो सकता है कि मुझे—मुझे... विदेश जाना होगा, जो कि, यदि परमेश्वर अनुमति देता है, मैं बहुत जल्द ही करूँगा। मुझे एक दर्शन के अनुसार अफ्रीका जाना है। मैं सोचता हूं कि मैं अपनी सभाओं में ज्यादा सफल नहीं हो पाऊंगा जब तक मैं अफ्रीका जाकर और उस दर्शन को पूरा नहीं करता। अब, फिर, शायद यह आने वाले वसंत ऋतु का समय होगा।

300 लेकिन उस समय के बीच, मैं इब्रानियों की किताब में से एक और किताब को लेना चाहता हूँ, वह है, इब्रानियों का 11वां अध्याय, और उस 11वें अध्याय में लगभग एक सप्ताह रुकेंगे, और उन विशेष चरित्रो या चरित्रो में से प्रत्येक को लेंगे, और उनके विशेष चरित्र को सामने लाएंगे। समझे? "विश्वास के द्वारा, नूह," तब नूह के जीवन को लेगे। "विश्वास के द्वारा, अब्राहम," फिर अब्राहम के जीवन को लेंगे। "विश्वास के द्वारा, हाबिल,"

तब हाबिल के जीवन को लेंगे। देखा? और उसे नीचे लेकर आयेंगे। क्या आप यह पसन्द करेंगे? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] ओह, यह ऐसा होगा, तब हम पूरी बाईबल ले लेंगे। और फिर हम कोशिश करेंगे कि, हो सकता है, या कहें तो, एक सप्ताह या दस दिनों की सभाओं में, ठीक एक के बाद एक सभा, एक बेदारी में जैसे, कभी तो क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान, या ऐसा ही कुछ, प्रभु की इच्छा हुई तो।

301 अब, इब्रानियों की किताब के 7वें अध्याय में, हमने इस महान चरित्र से भेंट की। मुझे कौन बता सकता है कि उसका नाम क्या था? [सभा कहती है, "मलिकिसिदेक।"—सम्पा।] मलिकिसिदेक। अब, यह मलिकिसिदक कौन था? वह परमप्रधान परमेश्वर का याजक था। वह शालेम का राजा था, जो कि यरूशलेम का राजा था। उसका कोई पिता नहीं था, या उसकी कोई माँ नहीं थी। उसका कोई समय नहीं था कि उसने कभी जन्म लिया था, या उसके पास कभी भी ऐसा समय नहीं होगा कि वह मरेगा। अब, हम पाते हैं कि उसे अनंत होना है।

302 हमें पता चला कि *युगानुयुग* शब्द का अर्थ है "समय की एक अवधि।" क्या आपको अभी भी यह याद है? समय की एक अवधि, यह युगानुयुग और युगानुयुग है। और *युगानुयुग*, कई बार, बाईबल में बताया गया है "एक—एक समय की अवधि।"

303 लेकिन, अनंतता, और वहां केवल एक ही प्रकार का अनंत जीवन है, जो हमने पाया। क्या यह सही है? केवल परमेश्वर के पास ही अनंत जीवन है। क्या यह सही है? अनंत जीवन का केवल एक ही प्रकार है। ऐसा कोई भी शब्द नहीं है "अनन्त दंड।" क्योंकि, यदि आपको अनंतता के लिए दंडित किया जाता है, तो आपके पास अनंतता के लिए दंडित होने के लिए अनंत जीवन होना चाहिए। आपके पास होना चाहिए–... और अगर आपको अनंत जीवन मिला है, तो आपको दंडित नहीं किया जा सकता है, देखिए, यदि आपने अनंत जीवन पाया है। "जो मेरे वचन को सुनता है, और मेरे भेजने वाले पर विश्वास करता है, उसके पास अनन्त जीवन है।" क्या यह सही है? अनंत जीवन, क्योंकि आप विश्वास करते हैं। तो ठीक है, यदि आपके पास अनंत जीवन है, तो आपको दंडित नहीं किया जा सकता, क्योंकि आपको *अनंत* जीवन मिला है। इसलिए, यदि आप युगानुयुग और

युगानुयुग के लिए नरक में पीड़ित होने जा रहे हैं, तो आपके पास अनंत जीवन होना है।

304 परन्तु, अब, मैं सोचा करता हूँ कि बाईबल वास्तविक रूप से जलते हुए नरक की शिक्षा देती है। बाईबल यह सिखाती है कि, कि पाप और दुष्टता का दण्ड, युगानुयुग दिया जाएगा। यह अब अनंतता नहीं है। यह शायद दस अरब वर्षों के लिए है। यह सौ अरब वर्षों के लिए हो सकता है, लेकिन कभी न कभी इसका अंत होना ही चाहिए। क्योंकि, हर वो चीज़ जिसकी शुरुआत थी, उसका अंत होता है। यह वो चीजें हैं जिनका न आदि होता है, न अंत होता है।

305 आपको वह विषय अब याद है? किस तरह से हम पीछे गए और पता लगाया कि हर एक चीज की शुरुआत हुई थी उसको बिगाडा गया था, देखिए, मुख्य से एक बिगाड़। और, अंत में, यह एक अनंतता तक वापस पीछे चला जाता है। और उसके बाद सारा नरक, सारा दुःख उठाना, और ऐसी सारी स्मृति अनंत काल के लिए मिट जाएगी। हर एक चीज जिसकी शुरूवात है, उसका अंत होता है।

306 और यह मलिकिसिदक यीशु नहीं था, क्योंकि वह परमेश्वर था। और किस बात ने यीशु और परमेश्वर को भिन्न बनाया, कि यीशु वह तम्बू था जिसमें परमेश्वर वास करता था। समझे? अब, मलिकिसिदक। यीशु के पिता और माता दोनों थे। और इस मनुष्य के कभी पिता या माता नहीं थे। यीशु के जीवन का आरम्भ था और उसके पास जीवन का अंत था। इस मनुष्य का न पिता था, न माता, न दिनों का आदि और न जीवन का अंत। लेकिन, यह खुद वही व्यक्ति था। यह था, मलिकिसिदक और यीशु एक थे; लेकिन यीशु का धरती का शरीर था, जन्मा और पाप के अनुकूल आकार लिया। परमेश्वर का खुद का शरीर, उसका अपना पुत्र, जन्मा और पाप के अनुकूल बना, मृत्यु के डंक को निकालने के लिए, ताकि छुड़ौती की भरपाई करे, और अपने निमित बेटे और बेटियां को पाए। आपने इसे पकड़ा? यही कारण है कि उसकी—उसकी एक शुरुआत थी, उसका एक अंत था।

307 लेकिन यह संपूर्ण शरीर, स्मरणोत्सव में, हमारे पुनरुत्थान के बयाने के नाई—नाई, परमेश्वर उस पवित्र देह को सडावट में देखने की अनुमति

नहीं देगा, क्योंकि उसने इसे स्वयं बनाया है। और उसे आगे लाया, और उसे पुनरुत्थित किया, और अपने दहिनी ओर बैठाया।

308 और, आज, पवित्र आत्मा जिसने उस शरीर को जिलाया वह यहाँ कलीसिया में है। प्रभु का नाम धन्य हो! और उसी अद्भुत कार्यो और सामर्थ को दिखा रहा हैं। और किसी दिन यह पवित्र आत्मा, जो कि कलीसिया में है, चिल्लाएगा और ऊपर उठेगा, और स्वयं को इस शरीर रूप में ग्रहण करेगा यही है जो परमेश्वर की महिमा के दाहिने हाथ पर बैठना है, ताकि हम पापियों के लिए बिचवाई के काम को करें। और वहाँ होने पर हम पाप से पूरी तरह से दूर रखे हुए हैं। ऐसा नहीं है कि हम पाप नहीं करते; लेकिन परमेश्वर की उपस्थिति में, पाप से दूर रखा गया है। क्योंकि, वहां मेरे और परमेश्वर के बीच, आपके और परमेश्वर के बीच एक लहूलुहान बलिदान खड़ा है। यही कारण है कि उसने कहा, "एक मनुष्य जो परमेश्वर से जन्मा. है, वह पाप नहीं करता, वह पाप नहीं कर सकता।" क्योंकि, यदि आपका नया जन्म हुआ है, तो वही पवित्र आत्मा जिस ने उस शरीर में वास किया आप में वास करता है। और यह पाप नहीं कर सकता; बलिदान उसके सामने रखा हुआ है। फिर यदि आप इसे जानबूझकर करते हैं, तो यह दर्शाता है कि आपके लिए उस शरीर के अंदर होना असंभव है। आमीन। यही सुसमाचार है। वहाँ है ये।

309 इसलिए, आप देखते हैं, यह किसी भी वचन का खंडन नहीं करता है। यह वचनों को एक साथ जोडता है। देखा? "ये उनके लिए असंभव होगा जिसने एक बार ज्योति को पाया है।" वहाँ है जहाँ हम पर मेरे प्रश्न प्राप्त होंगे। क्योंकि, बस उन्हें ले ले, यही है जो हम चाहते हैं।

310 अब ध्यान दे। "ये उनके लिए असंभव है जिन्होंने एक बार ज्योति को पाया है, यदि वे गिर जाए तो फिर से अपने आप को फिर से नया बनाना असंभव है, और देखें कि वे परमेश्वर के पुत्र को नए सिरे से क्रूस पर चढ़ाते हैं, और उसे बनाते है… और उसे खुले से लज्जित करने को लाते है।" वे ऐसा नहीं कर सकते।

311 उसके बद्द आप इब्रानियों 10 की ओर जाए, जहाँ यह कहता है, "क्योंकि यदि हम सत्य की पहचान प्राप्त करने के बाद जानबूझ कर पाप करते हैं।" और पाप क्या है? अविश्वास।

312 यदि आप विचारपूर्वक पवित्र आत्मा को उन कामों को करते हुए देखते हैं जो उसने आज सुबह ठीक यहां किये थे, और देखते है कि मसीह मरे हुओं में से जी उठा है, और वह अपनी कलीसिया में और अपने लोगों के बीच में वास कर रहा है, और आप इसे जान कर भी इसे ठुकरा देते हैं, आपके लिए कभी भी परमेश्वर के पास आना असंभव है, क्योंकि आपने पवित्र आत्मा की निन्दा की है।

313 यीशु ने उन्हीं बातों को कहा, जब वह उन अद्भुत कार्यो को कर रहा था।

314 उन्होंने कहा, "क्यों, वह बालजबुल है। वह भविष्य विद्या बताने वाला है। वह एक शैतान है।"

315 यीशु ने मुड़कर कहा, "मैं तुम्हें उसके लिए क्षमा कर दूंगा। परन्तु जब पवित्र आत्मा आकर और ऐसा करता है, तो उसके विरोध में एक शब्द भी कहना इसे क्षमा न किया जाएगा ना ही इस दुनिया में या आने वाली दुनिया में।" क्योंकि आपने परमेश्वर के आत्मा को जो उसमें था, "एक अशुद्ध आत्मा" कहकर बुलाया है।

316 फिर, यदि हम जानबूझकर पाप करते हैं, यदि हम पाप करते हैं, तो जानबूझकर अविश्वास करते है। ना ही सत्य को प्राप्त करने के बाद, नया जन्म पाए हुये हो; हम तब पाप नहीं कर सकते। एक पापी नहीं कर सकता... एक मसीही जिस पाप क्षमा नहीं किया जा सकता उसे नहीं कर सकता। वह इसे नहीं कर सकता। यह अधर्मी है जो ऐसा करता है। यह ढोंगी विश्वासी है, विश्वासी नहीं है।

317 वे यहूदी रब्बी लोग, ओह, उन्होंने सोचा कि वे मजबूत थे, और उनके पास डी.डी. और पी.एच.डी. थे। उन्होंने सोचा कि उन्होंने इसे पूरी तरह एक थैले में सिल कर बंद दिया था, लेकिन वे पापियों से भी बदतर थे। ओह, वे हो सकता है... आप उनके जीवन पर—पर हाथ नहीं उठा सकते थे। वे इस तरह वे साफ, नैतिक, और धर्मी थे। लेकिन वे अविश्वासी थे।

318 और आप पाप शब्द को ले और पता लगाये कि इसका क्या अर्थ होता है। *पाप* शब्द का अर्थ है "अविश्वास।" वहां केवल दो ही गुट हैं, एक विश्वासी या एक अविश्वासी। यह है, एक धर्मी व्यक्ति या एक पापी। बस ऐसा ही है। यदि आप अविश्वासी हैं, तो आप एक पापी हैं; इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने अच्छे हैं, आप कितना कलीसिया जाते हैं, या यहाँ तक आप एक प्रचारक हैं। आप फिर भी एक अविश्वासी हो।

319 वे फरीसी प्रचारक थे, और वे अविश्वासी थे, और इसके लिए आज नरक में हैं। वे जितने धार्मिक और पवित्र हो सकते थे वे थे, लेकिन उन्होंने उस पर विश्वास नहीं किया। और उन्होंने उसे “एक शैतान,” कहा और उसके वचन पर वाद–विवाद किया। और उनमें से कुछ ने कहा, “यदि तू है, तो अब क्रूस पर से नीचे उतर आ। चमत्कार को कर। चलो हम देखे कि तू इसे करता हैं।” एक ने उसके सिर पर डंडे से मारा और कहा, “भविष्यद्वाणी कर और हमें बता कि तुझे किसने मारा, तू भविष्यद्वक्ता, और हम तेरा विश्वास करेंगे।” देखो, अविश्वासी लोग! वे विश्वास करने का ढोंग करते थे कि वे विश्वासी थे, लेकिन वे अविश्वासी थे, अपरिवर्तित, अलग हुए, हालांकि वे पवित्र और धार्मिक थे।

320 अब भी, वही बात आज भी है। पुरुष और महिलाएं कलीसिया जा सकते हैं और उदास चेहरा बना सकते हैं, और——और इतने धार्मिक जितने वे हों सकते है, और कभी झूठ नहीं बोलते है, चोरी नहीं करते है, और जितना हो सके अपने धर्म को जीने की कोशिश करते है। लेकिन, जब तक वे एक विश्वासी नहीं हैं, वे नष्ट हैं। तो बाईबल में नियमवाद का कोई कुरेदना नहीं है। केल्विनवाद... अनुग्रह वह है जो परमेश्वर ने आपके लिए किया, और कर्म वह है जो आप परमेश्वर के लिए करते हैं। यह पूरी तरह से अलग है।

321 यदि आप झूठ बोलना छोड़ दें, धूम्रपान छोड़ दें, चोरी करना छोड़ दें, व्यभिचार करना छोड़ दें, सब कुछ छोड़ दें, सब कुछ किया है, आज्ञाओं का पालन किया, और कलीसिया जाते है, हर रविवार को बपतिस्मा लिया हो, प्रभु भोज को लिया, पवित्र लोगों के पांव धोए, सब कुछ किया, बीमारों को चंगा किया, और इन सभी कामों को किया। जब तक आप परमेश्वर के आत्मा से जन्म नहीं लेते, चुने हुए नहीं है, आप नाश हुए हैं। “न वह जो चाहता है और न वह दौड़ता है, लेकिन परमेश्वर जिस पर दया करता है।”

322 एसाव ने मसीही बनने की पूरी कोशिश की, और वह ऐसा नहीं कर सका। बाईबल ने कहा कि वह पश्चाताप करने के लिए जगह की तलाश में फूट–फूट कर रोया, और उसे नहीं मिली। उसके जन्म होने से पहले ही, परमेश्वर ने उसे दोषी ठहराया, क्योंकि वह जानता था कि वह अपने ह्रदय में एक सडा हुआ बईमान था। परमेश्वर पूर्वज्ञान के द्वारा इसे जानता था। उसने कहा, “मैं याकूब से प्रेम करता हूं, और एसाव से घृणा करता हूं।”

और एसाव सज्जन पुरुष के समान दिखाई पड़ता था। वह घर पर रहता, अपने बूढ़े अंधे डैडी की देखभाल करता था, पशुओ को चराता था, और सब कुछ करता, एक अच्छा लड़का था।

323 और याकूब माँ का लाडला था, एक छोटा सा डरपोक कहानीकार। यही है जो वो था। आपको इसे मानना होगा। बाईबल मानती है, इसे बताती है। यहाँ वहां भागता, सब कुछ कर रहा था। और—और, माँ, माँ के साथ लटका रहता। लेकिन, फिर भी, याकूब, अपने सभी उतार–चढ़ाव, और अपने कमजोर तौर–तरीकों के साथ था, वह फिर भी उस जन्मसिद्ध अधिकार के प्रति आदर रखता था। यही तो मुख्य बात है।

324 एसाव याकूब से दुगना सज्जन था। यदि आज हमें अपने कलीसिया का सदस्य होने के लिए उसका न्याय करना होता था, तो आप एसाव को हजार में से एक लेते, यदि आप उसे नहीं जानते। लेकिन परमेश्वर ने याकूब को लिया।

325 यदि संत पौलुस सेवक बनना कहेगा, तो आप उसके साथ क्या करेंगे? एक छोटा सा, पुराना नोकीली नाक वाला यहूदी, और उसका मुँह एक ओर तिरछा था, बस उपद्रव करते हुए जा रहे हैं, और किस तरह से वो कलीसिया को उखाड़ने जा रहा था, वो हर एक चीज करने जा रहे था। आप सोचते होंगे कि उसने ना क्षमा किया जाने वाला पाप किया है, लेकिन परमेश्वर ने कहा, “वह मेरा सेवक है।”

326 परमेश्वर मनुष्यों को लेता है और उन्हें भिन्न बनाता है, न कि मनुष्य परमेश्वर को लेते हुए और भिन्न बना रहा हैं। परमेश्वर मनुष्य को लेता है और उसे भिन्न बनाता है। यह वह नहीं है जो आप करते हैं, आप क्या करेंगे, आप क्या सोचते हैं। यह तो वो है जो परमेश्वर करता है। वहां आप हैं। और यही वो कहानी है।

327 अब, यह महान मलिकिसिदक, यहाँ उस पर क्या कहानी है! हम थोड़ा सा पढ़ना चाहते हैं, बस एक तरह से... हमें इसमें से होते ही बहुत ही जल्दी करना था। हम यहाँ वचन के एक निश्चित भाग पर वापस आरंभ करने जा रहे हैं, और हम लगभग 15वें पद से शुरू करेंगे।

> *और यह अभी तक... अधिक स्पष्ट:* कि वहाँ... *क्योंकि और जब मलिकिसिदक के समान एक और ऐसा याजक* उत्पन्न *होने वाला था।*

328 अब, मलिकिसिदक एक याजक था। क्या वो था? यहाँ है ये जो वह था। हम देखते है कि परमेश्वर, आदि में, आत्मा का एक बड़ा झरना था। क्या यह सही है? उसका कोई जन्मस्थान नहीं था। उसका मरने का कोई स्थान नहीं था। उसके दिनों की कोई शुरुआत नहीं थी। उसके वर्षों का कोई अंत नहीं था। वह उतना ही अनंत था जितना कि अनंत काल अनंत है। वह कभी भी नहीं जन्मा था। वह कभी भी नहीं मरा।

329 और वहां पर, हम यह पाते हैं, उसकी आत्मा के सात प्रकार थे। क्या यह सही है? बाईबल ने प्रकाशितवाक्य में कहा, कि, "परमेश्वर के सिंहासन के सामने सात आत्माएं थी।" क्या यह सही है? सात, कई गुना, सात आत्मा। हम देखते है, वहां सात रंग हैं। वहां सात कलीसियायी काल हैं। ओह, यह बस चलता है। सात सम्पूर्ण है, और परमेश्वर सम्पूर्ण था। और सात आत्माएं, और वे आत्माएं सम्पूर्ण थीं। पहला लाल रंग का था; सम्पूर्ण प्रेम, छुटकारा। और कैसे, यदि हमारे पास समय होता था, तो हम उन रंगों को बता सकते थे और दिखा सकते थे कि उनमें से हर एक रंग परमेश्वर की पवित्रता का प्रतिनिधित्व करता है। आमीन। वे रंग, सात स्वाभाविक रंग हैं । वे रंग परमेश्वर की पवित्रता का प्रतिनिधित्व करते हैं। और यह... वे रंग परमेश्वर की मंशाओ का, परमेश्वर के गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे सात रंग, वे सात कलीसियायी युगों, सात तारों, सात दूतों का प्रतिनिधित्व करते हैं। सारे वचन में से होते हुए, सात सेवक, सात संदेशवाहक, सात संदेश, सभी सातों में है। सात दिन। छ: दिन, और सातवाँ सब्त है; सम्पूर्ण, पूरा। ओह, यह सुंदर है, यदि हमारे पास इसमें खोदने का समय होता और उन रंगों को बाहर लाने के लिए!

330 लाल रंग को लें। हम पहला रंग लेते हैं, जो लाल है। लाल क्या है? लाल खतरे का एक संकेत है। लाल रंग एक छुटकारे का चिन्ह है। और आप लाल के माध्यम से लाल को देखे, तो यह कौन सा रंग होता है? सफ़ेद। यह सही है। इसलिए जब लाल लहू बहाया गया था, ताकि लाल पाप को ढांके, परमेश्वर, लाल लहू में से होते हुए देख रहा था, लाल पाप की ओर देखता, यह सफेद हो जाता है। विश्वासी पाप नहीं कर सकता। बिल्कुल भी नहीं। उस पर परमेश्वर का बीज, परमेश्वर की आशीष बनी रहती है। परमेश्वर अपने पुत्र के लहू के सिवा और कुछ नहीं देख सकता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह उसकी कलीसिया में क्या है, यह क्या है, परमेश्वर इसे नहीं देखता हैं, क्योंकि यीशु, निरन्तर बिचवाई का काम करता है, वो

महायाजक। उसके लिए पाप करने का कोई जरिया नहीं है, जब उसके लिए ऐसा बलिदान रखा गया है। बिल्कुल नहीं।

331 और अब यदि आप कहे, “तो, यह मुझे एक अच्छा मौका देता है… ” तब यह दर्शाता है कि आप सही नहीं हैं।

332 आप उसकी सराहना करेंगे। आप इसे पसंद करेंगे, यदि आप एक सच्चे मसीही हैं, एक ऐसे स्थान पर होते है जहां वह पाप आपको तब तक सताता रहेगा जब तक आप इसे नहीं कर सकते। “क्योंकि उसमें परमेश्वर का बीज बना रहता है, और वह पाप नहीं कर सकता।” बाईबल ने कहा, “एक बार यीशु के लहू से शुद्ध हो जाने के बाद, पाप की कोई और इच्छा नहीं है।” यदि आप इच्छा को रखते है, तो आपका हृदय परमेश्वर के साथ ठीक नहीं है।

333 अब, आप गलत करोगे, लेकिन आप इसे जानबूझकर मत करो। देखा? आप—आप फँस गए हैं, और कोई भी चीज जिसमें आप फँस गए हैं, या कुछ ऐसा करते है जो आप करना नहीं चाहते हैं, यह अब भी पाप नहीं है, आप उस मिनट पछताएंगे जब आप देखेंगे कि आप गलत हैं। आप तुरंत ही मुड़ेंगे और कहेंगे, “मेरा मतलब नहीं था… इसे नहीं देखा।” आप जीवन भर ऐसा ही कहेंगे। एक मनुष्य नहीं होना चाहता, यही कारण है कि हम इतने मूर्ख हैं और इतने अंधेरे में हैं, यहाँ धरती पर, कि हर समय वहां हमारे लिए लहू का प्रायश्चिता है, ताकि हम ढंके रहे। कारण, पहली गलती हमसे हुई…

334 अब, वहां आपके नियमवाद के विचार है। “ओह, क्या तुम्हें पता है? वह महिला पवित्र थी। लेकिन, परमेश्वर धन्य है, महिला ने गलत किया। मैं जानता हूं कि वह पीछे हटी हुई है।” यह गलत है। वह पीछे हटी हुई नहीं है। उसने गलती की। यदि उसने यह जानबूझकर किया, तो वह आरंभ से ही सही नहीं थी।

335 यदि वह ऐसा नहीं करना चाहती थी, और वह परमेश्वर के पवित्र कलीसिया के सामने चलती है और इसे अंगीकार करती है, और कहती हैं, “मैं गलत हूं, और आप मुझे क्षमा करे,” आप इसे करने के लिए कर्तव्य बाध्य हैं। आप इसे अपने हृदय में नहीं करते हैं, तो आपको स्वयं वेदी पर जाना चाहिए। सत्य है। वहां कलीसिया में वास्तविक पवित्रता है। वहां सच्ची पवित्रता है, ये पवित्रता आपकी नहीं, लेकिन मसीह की है।

336 मेरे पास उसके सामने रखने के लिए कोई पवित्रता नहीं है। लेकिन मैं उसके, ओह, उसके अनुग्रह पर भरोसा कर रहा हूं, और यह मेरे हृदय में है। मैं इसके योग्य नहीं था, मैं इसके लायक कुछ भी नहीं कर सकता था, लेकिन अनुग्रह से उसने मुझे बुलाया और मुझे आने के लिए आमंत्रित किया। और मैं ने उस की ओर दृष्टि की, और उस ने मेरी इच्छा को दूर किया। मैं हर महीने, हर वर्ष हजारों गलतियाँ करता हूँ। निश्चय ही, मैं करता हूँ। लेकिन जब मैं देखता हूं कि मैं गलत हूं, तो मैं कहता हूं, “परमेश्वर, मैं ऐसा नहीं करना चाहता था, आप मेरे हृदय को जानते हैं। मेरा ऐसा करने का मतलब नहीं था। मैं उसमें फंस गया था। मेरा ऐसा करने का मतलब नहीं था। आप मुझे क्षमा करें, प्रभु।”

337 यदि मैंने अपने भाई के साथ गलत करता हूं, तो मैं कहता हूँ, “भाई, मुझे क्षमा कर दो। मेरा ऐसा करने का मतलब नहीं था। निश्चित रूप से, परमेश्वर मेरे हृदय को जानता है।”

338 ओह, वहाँ आप हैं। वहां लहू का बलिदान है। वहां सुसमाचार की सामर्थ है, पवित्र कलीसिया आगे बढ़ रही है। इसलिए नहीं कि आपने कुछ किया; यह कुछ ऐसा है जिससे आपका कोई लेना–देना नहीं था। वहां प्रायश्चिता है।

339 अब, यह मलिकिसिदक, जब वह सामने आया।

340 मैं आपको दूसरी बात बताना चाहता हूं। क्या आपने कभी एक—एक तीन कोनों वाला कांच का टुकड़ा लिया है? आप कांच का एक टुकड़ा लें जो तीन कोनों वाला हो, और इसे इस प्रकार से रखे कि सूर्य की किरणें इस पर पड़ सकें, यह सात सिद्ध रंगों को उत्पन्न करेगा। कांच के एक तीन कोनों वाले टुकड़े से मेघधनुष उत्पन्न होगा। यह बिल्कुल सही है। अब, यदि हमारे पास समय होता, तो हम उस पर बात पर आगे जाते। तीन सिद्धता को लाता हैं: पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा; धर्मीकरण, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा। वहां आप हैं। सिद्धता तीन के द्वारा आती है। परमेश्वर, मनुष्य के ऊपर; परमेश्वर, उस मनुष्य में जिसे यीशु कहा जाता है; परमेश्वर, कलीसिया में। उसके बाद, सिद्धता।

341 उस मनुष्य ने तब तक पाप किया, जब तक परमेश्वर यहां ऊपर आग के खम्भे में था। परमेश्वर... मनुष्य ने पाप किया, मेरा मतलब, परमेश्वर के

सामने, जब तक परमेश्वर एक आग के खंभे में था, क्योंकि वह अब तक अशुद्ध सृष्टी था, उसके सामने पशुओं का लहू को बहाया गया।

342 उसके बाद परमेश्वर का मेमना आया, परमेश्वर का दूसरा निश्चित कदम; वही परमेश्वर, दूसरा कार्य स्थान। और फिर यह परमेश्वर... मसीह में था, वही परमेश्वर था जो आग के खंभे में था। और वही परमेश्वर देहधारी हुआ और हमारे बीच में डेरा किया। और फिर मनुष्य ने उसका मज़ाक उड़ाया, इसका अब भी इसके लिए उत्तर देना था। अभी तक कोई लहू बहाया नहीं गया था। यह सही है। यीशु ने कहा, "मैं तुम्हें क्षमा कर दूंगा।"

343 लेकिन बाद में वही जो देह में था, फिर से आग के खम्भा बन गया। "मैं परमेश्वर से आया हूँ। मैं परमेश्वर के पास जाता हूं।" यहाँ हम पौलुस को दमिश्क के रास्ते पर उसी आग के खंभे से भेंट करते हुए पाते हैं। हम पतरस को उससे जेल में भेंट करते हुए पाते हैं, वही आग का खम्भा। निश्चित रूप से। और आज हम उसे अपने बीच में देखते हैं, उसी आग के खंभे को।

344 लेकिन सिद्धता उस स्थान आ चुकी है, वह बिचवाई का व्यक्ति... अब, यदि यहाँ पर कोई यहूदी है, या कोई है जो पुराने नियम को समझता है। इसे साबित करे, मैं आपको दिखाता हूँ। ठीक अभी, मेरे पास पुराना नियम नहीं है। ये नया नियम है—है। लेकिन विधिसम्मत थाली में रखी हुई भेंट की रोटियों के भेंट में, उपासनागृह की सफाई पर यहूदी बलिदान में; किसी भी यहूदी से पूछो; उन तीन रोटी के टुकड़ों पर, बीच का टुकड़ा टुटा हुआ होता था। जो मसीह था। बीच का टुकड़ा टूटा हुआ था; मसीह, वो बीच में। इसने दिखाया कि छुटकारे के लिए, कहीं न कहीं तोडा जाना था। और उस टुकड़े को विधिसम्मत रोटी पर छुटकारा माना जाता था।

345 और यहाँ है वो। और आज रात, जब हम प्रभु भोज को लेते हैं, हम विधिसम्मत रोटी को तोड़ते हैं, क्योंकि यह मसीह की देह है। और उसे हमारे पापों के प्रायश्चित के लिये, कलवरी पर तोड़ा गया, कि उसकी धार्मिकता के द्वारा हम उसकी धार्मिकता बन जाएं। क्योंकि, वह हमारा पाप बन गया, ताकि हम उसकी धार्मिकता बन सकें। भाई, यही शुद्ध रूप से अनुग्रह है। पूरी तरह से। कोई तरीका नहीं है, किसी भी अन्य तरीके से आप धर्मी नहीं ठहर सकते हैं।

346 अब, यह मलिकिसिदक, यह महान व्यक्ति जिसने रास्ते पर भेंट की थी, उसने अदा किया, अब्राहम ने उसे दशमांश को दिया। वह कितना महान पुरुष रहा होगा! अब ध्यान दीजिए, जल्दी से।

जो... शारीरिक आज्ञा की व्यवस्था के अनुसार नहीं, ...

347 अब उस नियमवाद व्यवस्था को देखा? व्यवस्था ने कहा, "तुम हत्या ना करना। तू व्यभिचार ना करना। तुम चोरी ना करना।"

348 यीशु ठीक पीछे मुड़ा और कहा, "उनके बारे में पुराने समय में कहा गया है, 'तू हत्या ना करना,' लेकिन मैं कहता हूं कि जो कभी भी अपने भाई पर अकारण क्रोध करता है, वो पहले ही हत्या कर चुका। उनके बारे में कहा गया है, पुराने समय में, 'तू व्यभिचार नहीं करना,' लेकिन मैं तुम से यह कहता हूं, कि जो कोई किसी स्त्री पर अभिलाषा करने की कुदृष्टि डाले, वो अपने हृदय में उसके साथ व्यभिचार कर चुका है।" वहां आप हैं। यह महिलाओं को सिखाना चाहिए कि कैसे कपड़े पहनने चाहिए, किस तरह से वो करना चाहिए जो सही है। आप गलत कपड़े पहनती है, और पुरुषों के गलत तरीके से देखने का कारण बनती है, आप व्यभिचार करने के दोषी हो, बिल्कुल उसी तरह जैसे कि आपने उस क्रिया को किया हो। यीशु ने ऐसा कहा।

349 और आप लोग इन काटने वाली आरी के गुस्से के साथ होते है, जो हमेशा किसी के मुंह में थूकते रहते हैं, नहीं सहन कर सकते हैं, और इसी तरह की चीजों को। सावधान रहे। आप दोषी हैं यदि आप अपने भाई के खिलाफ एक शब्द बोलते हैं जो सही नहीं है, ना ही केवल, वहां जाकर और इसे फाड़ दो। आपको किसी मनुष्य को मारने के लिए उसकी पीठ में छुरा घोंपने की जरूरत नहीं है। आप उसके चरित्र का खात्मा कर सकते हैं और उसे मार सकते हैं, उसके प्रभाव को खत्म कर सकते हैं। यहां अपने पास्टर के खिलाफ बोलते, उसके बारे में कुछ बुरा कहते हो, आप बस उसे गोली मार सकते थे। कुछ तो बताना जो उसके बारे में सही नहीं था, तो, यह लोगों और इस तरह की चीजों के साथ उसके प्रभाव को खत्म कर देगा, और आप इसके दोषी हैं। यीशु ने जो कहा।

350 अब, यहाँ सुनना, पौलुस यहाँ क्या—क्या समझने की कोशिश कर रहा था। मुझे यह पुरानी बाईबल बहुत पसंद है। यह आपको सीधा करती है। देखो, ओह, बस यहाँ पर देखे। अब, जैसा कि हम पढ़ते हैं–... "यह है...

क्योंकि प्रगट है, कि हमारा प्रभु वहां पर आ गया... ” रुकना, मैं सोचता हूँ कि मेरे पास यहाँ एक और पद है जिसे मैं पढ़ने जा रहा था। नहीं, यहाँ नीचे 16वा पद।

जो... शारीरिक आज्ञा की व्यवस्था के अनुसार नहीं,...

351 यह नियम है, आप देखना। “ओह, भाई, मुझे—मुझे नहीं करना चाहिए। मुझे नहीं करना चाहिए। मुझे पता है, लेकिन मैं... ” यह ऐसा नहीं है। यह तो प्रेम है जो इसे करता है।

352 हम कैसे इसमें से होकर गये है! मैंने कहा, “यदि मैंने अपने... मेरी पत्नी के बारे में कहा, ‘ओह, ठीक है, मैं—मैं—मैं दो पत्नियां रखना चाहता हूं। मैं *इस* एक के साथ घूमना-फिरना चाहता हूं, *इस* एक को वहां रखना चाहता हूं। लेकिन, यदि मैं ऐसा करता हूं, तो मेरी पत्नी मुझे तलाक दे देगी और मेरे बच्चे... मेरी सेवकाई खत्म हो जाएगी।’” तुम गंदे, सड़े हुए ढोंगी हो। यह सही है। आप उससे पहले स्थान में ही प्रेम नहीं करते। यह बिल्कुल सही है।

353 यदि आप उससे प्रेम करते हैं, तो इसके बारे में कोई नियम नहीं होगा। आप कुछ भी हो उससे प्रेम करेंगे, और आप उसके साथ बने रहेंगे। यह बिल्कुल सही है। और आप स्त्रियां भी अपने पति के साथ ऐसा ही करेगी। यह सही है।

354 कभी-कभी स्त्रियाँ ही स्थान बनती हैं, या...

355 पुरुष कुछ छोटी ईज़ेबेल को देखते है पूरी तरह चेहरा रंगा हुआ, आप जानते है, और—और आप उसके पास जायेंगे, उसके प्रेम में पड़ते है; शायद उसके पास एक अच्छी पत्नी हो। और फिर तुम अपने आप को मसीही कहते हो। तुम्हे शर्म आनी चाहिए। तुम्हे वेदी की एक और खुराक की आवश्यकता है। यह सही है।

356 और तुम में से कुछ—और तुम में से कुछ महिलाएँ यहाँ वहां किसी छोटे उम्र के लड़के की ओर देखती हैं जिसके बाल नीचे की ओर लटकते हुए हैं, उस पर इतनी वैसलीन लगी होती है... उसका मुँह खोलते है। इसके बाद आप...

357 कुछ छोटी उम्र की लड़की, यहाँ कुछ समय पहले की बात है... यह मजाक नहीं है, क्योंकि मेरा इसे मजाक के रूप में बताने का मतलब नहीं है।

लेकिन लोग जानते हैं कि यह मजाक करने की जगह नहीं है। लेकिन यहाँ एक छोटी उम्र की लड़की है, वह... यहाँ अच्छे लड़के थे, मसीही लड़के। बहुत समय पहले की बात है, जब मैं यहाँ पास्टर का काम कर रहा था, हमारे पास तब युवा लोगो की कक्षाएं हुआ करती थीं। और मैं रविवार की दोपहर युवतियों से कामुकता और चीजों के बारे में बात करता। उसके बाद अगले रविवार की दोपहर, जवान पुरुषों से बात करता, और उन बातों को निकालने का प्रयास करता।

358 कुछ छोटी उम्र की लड़की कुछ छोटी उम्र के लडको के साथ जाने लगी, यहाँ नीचे शहर में, सिगरेट पीते और जेब में एक बोतल को रखा था। और उसने शहर में यहाँ–वहां एक छोटी सी खुली हुई कार चलाई। मैं नहीं देख पाया जो उसने उस लड़के में देखा। वह कलीसिया में नहीं आता। वो वहाँ बाहर बैठा रहता। उसे यहाँ कलीसिया में छोड़ता, और फिर वह वहाँ बाहर, अपनी कार में बैठकर, और प्रतीक्षा करता, कलीसिया में नहीं आता। मैंने उस लड़की से एक दिन कहा। वह न्यू अल्बनी में रहती थी। मैंने कहा, "मैं तुमसे कुछ पूछना चाहता हूँ, लड़की। तुम दुनिया में उस लड़के में क्या देखती हो? " मैंने कहा, "पहली बात, वह तो उसी धर्म से ही घृणा करता है जिससे तुम्हारा—तुम्हारा धर्म है। वह तुम्हारे मसीह का तिरस्कार करता है। वह तुम्हारा कभी भी पति नहीं बनेगा। वह तुम्हें जीवन भर के लिए अभागा बना देगा।" और मैंने कहा, "ठीक है, यहाँ अच्छे छोटे से मसीही लड़के हैं जिनके साथ तुम आगे जा सकती हैं। और वहाँ तुम्हारे पिता और माँ तुम्हारे बाहर जाने के विचार को पसंद नहीं करते हैं, लेकिन तुम कुछ भी हो जाती हो, और आप सोचती हो, 'मैं सोलह साल की हूँ।' "

359 उसने मेकअप करना और बाहर भागना शुरू किया, और सबसे पहली बात, वह रास्ते के घरो में थी। वह अब अनंतता में चली गई है। लेकिन, उस वक्त, वो यहाँ खड़ी हुई थी। और आप जानते हैं कि उस लड़की ने मुझे वापस क्या बहाना दिया, कि वह उस लड़के से प्रेम करती है? उसने कहा, "उसके बहुत ही प्यारे छोटे–छोटे पैर हैं, और उसमें से बहुत अच्छी खुशबू आती है।" क्या आप इसकी कल्पना कर सकते हैं? खुद को सुगंधित करता है, यह एक महिला के हाव–भाव है, एक पुरुष के नहीं।

360 "देखो," मैंने कहा, "बहन, मैं बल्कि एक ऐसे मसीही लड़के के साथ

जाना पसंद करूँगा जिसके पैर कंकड़ के कारों जैसे हों और एक बिल्ली जैसे जानवर की तरह गंध आती हो, यदि वह पूरी तरह से मसीही है।" यह सही है। सच है। हाँ।

361 यह बहाना है, "इतने प्यारे छोटे–छोटे पैर, और बहुत अच्छी खुशबू आती है।" छोटे से सड़क के किनारे के घर को चलाने वाले ने आखिरकार उस लड़की की जिंदगी बर्बाद कर दी। यह शर्मनाक है, अपमानजनक है।

362 विवाह आदर की बात है, लेकिन इसे प्रार्थनापूर्वक और आदरपूर्वक प्रवेश करना चाहिए। और उस महिला के लिए सच्चा प्रेम आपको हमेशा के लिए एक साथ बांध देगा। "जो तुम धरती पर बांधोगे, मैं स्वर्ग में बांधूंगा।" जब आप उस ओर रास्ते पर चलती हैं, तो वह बूढ़ी, सफ़ेद बाल और झुर्रीदार हो सकती है, लेकिन वही प्रेम जो आपने उसे किया था जब वह एक नौजवान, खूबसूरत महिला थी, अब भी आपके पास वही प्रेम है।

363 आपके झुके हुए कंधे, गंजा सिर और झुर्रीदार चेहरा और बाकी की हर एक चीज हो सकती हैं, लेकिन वह आपको वैसे ही प्यार करेगी जैसे आपसे तब किया था जब आपके कंधे चौड़े और घुंघराले बालों के साथ खड़े थे, यदि यह वास्तव में परमेश्वर है। क्योंकि आप उस समय की ओर देख रहे हो जब आप उस ओर नदी को पार कर चुके हो, जब आप वापस हरे–भरे हो जाएंगे, फिर से हमेशा एक साथ रहने के लिए युवा पुरुष और महिला होकर। यही परमेश्वर की अनंत प्रतिज्ञा है। उसने कहा कि वो इसे करेगा। वह, केवल इतना ही नहीं, हम इसे एक मिनट में ले लेंगे, उसने शपथ खाई कि वो इसे करेगा।

364 इसे सुनना, जैसे हम आगे बढ़ते हैं।

जो कि,... शारीरिक आज्ञाओ *की व्यवस्था... के अनुसार नहीं, लेकिन अविनाशी जीवन की... सामर्थ के अनुसार नियुक्त हो।*

365 अब हम जल्दी से पढ़ने जा रहे हैं, ताकि हम इसे ले सकें।

क्योंकि उसके विषय में यह गवाही दी गई है, कि तू मलिकिसिदक की रीति पर युगानुयुग याजक है।

जब तक एक याजक की आवश्यकता होगी, वो एक याजक होगा।

निदान, वहां प्रमाण *है जो पहिली* आज्ञा *अमान्य ठहरी... और* निष्फल *होने के कारण लोप हो गई।*

क्योंकि व्यवस्था ने कुछ भी सिद्ध नहीं किया,...

366 आप नहीं हो सकते, चाहे आप कुछ भी कर लें। आप शराब पीना छोड़ दो, धूम्रपान छोड़ दो, झूठ बोलना छोड़ दो, कलीसिया जाये और *इसे* करने की कोशिश करे और *वैसा* करने की कोशिश करे, आप फिर भी शारीरिक हो। यह तो सिर्फ नियम है। नियम कुछ भी सिद्ध नहीं बनाता है। लेकिन क्या सिद्ध बनाता है? मसीह। महिमा! मैं झूठ बोलना छोड़ सकता हूँ, चोरी करना छोड़ सकता हूँ, व्यभिचार करना छोड़ सकता हूँ, तम्बाखू चबाना छोड़ सकता हूँ, सब कुछ छोड़ सकता हूँ, और मैं फिर भी शारीरिक हूँ। परमेश्वर इसे ग्रहण नहीं करता हैं, क्योंकि मेरे पास उसे प्रायश्चित में देने के लिए कुछ भी नहीं है।

367 लेकिन जिस मिनट मैंने अपना हाथ प्रभु यीशु के धन्य सिर पर रखा, और कहता हूं, "प्रभु, मैं अच्छा नहीं हूँ। क्या आप मुझे अपना सेवक जानकर लेंगे?" और परमेश्वर मेरे पाप को चुम्बन करके दूर करता है, मैं परमेश्वर के दृष्टि में सिद्ध खड़ा होता हूं। यह सही है। क्यों? मैं अपनी खुद की योग्यता पर नहीं खड़ा हूं। मैं उसकी योग्यता पर खड़ा हूं। और उसने उसके कष्टों और अपने लहू के द्वारा हमें सिद्ध किया है।

368 मैं देखता हूं ये समाप्त करने का समय है। लेकिन मैं इसे पढ़ना चाहता हूं यदि मैं जल्दी से कर सकता हूं।

> *... पहिली आज्ञा निर्बल और निष्फल होने के कारण लोप हो गई।*
>
> *इसलिये कि व्यवस्था ने किसी को सिद्धि नहीं किया, और उसके स्थान पर एक ऐसी उत्तम आशा रखी गई है;* (उत्तम आशा क्या है? मसीह।) *जिसके द्वारा हम परमेश्वर के निकट आते हैं।*

369 क्यों? हमारी सारी अच्छाई में से, और हमारी सारी अच्छाई, और हमारी सारी अच्छाई में से होते हुए भी, हम फिर भी शारीरिक हैं। लेकिन एक बार परमेश्वर की उपस्थिति में, यह पहचानते हुए कि हम वहां कभी भी खड़े नहीं हो सकते, केवल यीशु मसीह की योग्यता के द्वारा ही, तब हम उसके पुत्र की योग्यताओं में से होते हुए, परमेश्वर के निकट आते हैं। "प्रभु, मैं आपके पास आता हूं, एक निर्दोष हृदय के साथ। आपके पुत्र यीशु

के नाम में, कृपया मुझे ग्रहण करें।" ओह, भाई, तब आप एक जीवित मार्ग के द्वारा आ रहे हो।

370 ना ही, "प्रभु, आप जानते हैं कि मैंने शराब पीना छोड़ दिया है। आप जानते हैं कि मैं अपनी पत्नी के साथ सही व्यवहार करता हूं। आप जानते हैं कि मैं *ऐसा* करता हूं। मैं *वैसा* करता हुं।" आपके पास देने के लिए कुछ भी नहीं है।

371 "क्योंकि शारीरिक आज्ञाओं की व्यवस्था कुछ न कर सकी, उसके स्थान पर एक ऐसी उत्तम आशा रखी गई है। वह आशा जो मसीह है, हमारे पास जो प्राण के लंगर के समान है, दृढ़ और अटल।" देखो।

और इतना ही नहीं *जैसे वो बिना शपथ के नहीं...*

सर्वनाम, यदि आप यहाँ देखेंगे, ये तिरछे अक्षरों में है।

... *उसे याजक बनाया गया था:*

ना ही केवल एक याजक, बल्कि उन्हें शपथ के द्वारा याजक बनाया गया था। ना ही...

372 अब देखो। आइए बाकी का याजकगण को ले लेंगे।

(*उन याजकों के लिए,* लेवीय, न्यायी, धर्मी, धार्मिक सच्चे पुरुष, *वे याजक बिना शपथ के बनाए गए थे;...*)

373 परमेश्वर ने तब कहा, "बाद में—हारून के क्रम के बाद, कि उसने इन याजकों को ठहराया है।" वे पीढ़ियों के माध्यम से आगे आते हैं। वे स्कूल जाते हैं और प्रचारक और इत्यादि बनना सीखते हैं। वे आगे आते हैं। सो परमेश्वर ने उन्हें इस तरह याजक बनाया। उन्होंने अपनी शिक्षा, अपनी विरासत, इत्यादि के द्वारा स्वयं को याजक बना लिया। "लेकिन इस मनुष्य को परमेश्वर की उस शपथ के द्वारा याजक ठहराया गया था जो शपथ परमेश्वर ने खाई थी।" अब ध्यान से सुनना।

(... बिना शपथ के बना था; लेकिन यह उस ने उसके निमित शपथ खाकर कहा, कि यहोवा ने शपथ खाई, और न पछताएगा। आमीन, *तू मलिकिसिदक के क्रम के बाद हमेशा के लिए एक याजक ठहरा हैं:)*

सो इतने से यीशु एक उत्तम वाचा का जामिन ठहरा था।

अब, जल्दी करेंगे।

और वे तो बहुत से याजक बनते आए, इस का कारण यह था कि मृत्यु उन्हें रहने नहीं देती थी:

हजारों गुना हजारों गुना हजारों, याजको की, क्योंकि उनके पास केवल मृत्यु और मृत्यु और दुर्बलताओं, और मृत्यु और मृत्यु और मृत्यु के अलावा कुछ नहीं था।

374 लेकिन उसे देखें।

लेकिन यह मनुष्य, (कौन सा मनुष्य?) यीशु, *क्योंकि वह निरंतर हमेशा बना रहता है, एक ना बदलने वाल याजकगण है।* कहां हैं...

इसलिए वह उन्हें यथा संभव *बचाने में भी समर्थ है;* इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितना झुका हुआ, कितना दूर, वो यथासंभव बचाने में सक्षम है; *जो उसके द्वारा परमेश्वर के पास आते हैं,...*

ना ही... आपकी धार्मिकता पर; लेकिन आपके अंगीकार करने पर। देखा?

... जो उसके द्वारा *परमेश्वर के पास आते हैं, यह देखकर कि वह उनके लिये* बिचवाई *करते हुए सर्वदा जीवित है।*

वह ठीक वहां पर है, निरंतर, बिचवाई को कर रहा है।

ऐसे महायाजक से हममें से एक बना, जो पवित्र हैं, निष्पाप हैं, विशुद्ध, पापियों से अलग किया *हुआ, और* स्वर्ग में महायाजक *बना;*

375 वहां है ये। अब, यदि मैं अपने मामले या केस का प्रतिनिधित्व करने की कोशिश करता हूं, तो मैं इसे हार जाऊंगा। यदि मैं प्रतिनिधित्व करने की कोशिश करता हूं, कहता हूं, "मेरे पिता एक अच्छे मनुष्य थे। मेरे पिता एक प्रचारक थे। तो, मैं कलीसिया में रहा हूं।" मैंने फिर भी इसे खो दिया। लेकिन यह मनुष्य एक सिद्ध है, मसीह। वह वहाँ बैठता है और मेरे पापों के लिए निरंतर अपना लहू अर्पित करता है। आप वहाँ हो।

और उन महायाजकों की नाईं उसे आवश्यक नहीं... कि प्रति दिन पहिले अपने पापों और फिर लोगों के पापों के लिये बलिदान

चढ़ाए: क्योंकि उस ने अपने आप को बलिदान चढ़ाकर उसे एक ही बार निपटा दिया।

376 अब आखिरी पद को देखें।

क्योंकि व्यवस्था तो निर्बल मनुष्यों को महायाजक नियुक्त करती है;...

377 यही है जो नियम है, शारीरिक नियम करता है। अब, काश मेरे पास यहां लगभग दो घंटे होते थे। इसी तरह से नियम अब भी पुरुषों को प्रचारक बनाता है। यह सही है।

378 क्यों, वे कहते हैं, "खैर, इस मनुष्य के पास एक सेमिनरी का अनुभव है।" मैं दुनिया में सभी सेमिनरियों के लिए अपने छोटे से स्वर्गीय अनुभव का व्यापार नहीं करूंगा।

379 "क्यों, हमने इस मनुष्य को शिक्षित किया है। वह—वह ध्यान पूर्वक चुना गया है। वह एक स्व–निर्मित मनुष्य है।" मैं इस तरह से पसंद नहीं करता हूं। मुझे परमेश्वर के द्वारा निर्मित किया गया मनुष्य पसंद है। देखा? समझे?

380 लेकिन नियम अब भी याजकों को बनाता है। नियम अब भी प्रचारकों को बनाता है। वो—वो बैपटिस्ट कलीसिया, वे प्रचारकों को वितरित करते हैं; उनसे भरे हाथ, उनके पास एक मशीन है जो उन्हें बाहर निकालती है। मेथोडिस्ट्स के पास वे हैं। बैपटिस्टो के पास वे हैं। प्रेस्बिटेरियन, नाज़रीन, पिलग्रिम होलीनेस, पेंटीकोस्टल, वे जितनी जल्दी हो सके उन्हें बाहर निकालते हैं, एक बडी व्यवस्था, बड़ी मशीन की तरह। वहां खड़े होते है जैसे एक...

381 मैंने हमेशा ही कहा है, "मुझे—मुझे निश्चित रूप से एक अंडे सेने की मशीन से निकले हुए मुर्गी के बच्चे के लिए दुःख महसूस होता है।" आप जानते हैं, एक छोटा सा मुर्गी का बच्चा जो एक अंडे सेने की मशीन के नीचे से निकला है, वह सही तरीके अंडे से बाहर नहीं निकला होता है। नहीं। मुर्गी को ही उस चूजे को बाहर निकालना चाहिए। लेकिन एक अंडे सेने की मशीन से निकला हुआ मुर्गी का बच्चा, जब वह बाहर निकलता है, तो वह "चूं–चूं, चूं–चूं, चूं–चूं," करता है और उसके पास जाने के लिए कोई माँ नहीं होती है। देखा? वह नहीं जानता कि माँ क्या होती है। यह सही है। वह एक के लिए चूं–चूं कर रहा है, लेकिन उसके पास कोई नहीं है।

382 लेकिन मुर्गी के नीचे जो छोटा सा चूजा निकलता है, स्वाभाविक तरीके से, वह चूं–चूं करता है और माँ जवाब देता है। यह सही है।

383 और कभी–कभी मैं यहाँ इस सेमिनरी के अनुभव के बारे में सोचता हूं लुइसविले और दुनिया भर में इस बड़े अंडे सेने की मशीन के नीचे से बाहर आते हैं, जो अंडे से सेनकर हजारों प्रचारकों को बाहर निकालते हैं। पेंटीकोस्टल अंडे सेने की मशीन, और प्रेसबीटेरियन अंडे सेने की मशीन, और—और बैपटिस्ट अंडे सेने की मशीन, वे सभी उनके—उनके—उनके छोटे चूजो को सेनकर बाहर निकालते हैं। वे "चूं–चूं, चूं–चूं, चूं–चूं, " करते है और उस अंडे सेने की मशीन के बारे में बात करते है जिसमें से वे बाहर आये थे।

384 लेकिन मुझे एक पिता का होना, एक माँ का होना पसंद है। प्रभु का नाम धन्य हो! क्या मेरे साथ बहुत से लोग नहीं जन्मे थे, लेकिन जो वहां पर थे वो मेरे भाई हैं। आमीन। हमारे पास एक माँ है जो उत्तर देती है जब आप... एक माँ जो स्वर्ग में है, जो हम सभी की माँ है। "जैसे एक मुर्गी उसके अंडे को सेनती है, और उन पर प्रेम जताती है, और—और उस पर... उसके चूजो के ऊपर सेनती है, वैसे मैं भी तुम्हारे ऊपर सेनुगा। हे यरूशलेम, यरूशलेम, कितनी ही बार मैं ने चाहा कि जैसे मुर्गी अपने बच्चों को अपने पंखों के नीचे इकट्ठे करती है वैसे ही मैं भी तेरे बालकों को इकट्ठे कर लूं! कितनी ही बार मैं ने तुम्हें अपना बनाना चाहा, लेकिन तुमने नहीं चाहा। तुम्हारे पास अपने खुद के धर्म ज्ञान के विद्यालय थे, जिस में से सेनकर अपने याजको को निकाला। उन्होंने तुम्हें मेरे विरुद्ध सिखाया। अब तुम अपने दम पर रह गए हो। तुम्हारा विनाश तुम्हारे सामने रखा हुआ है।"

385 अब मैं यह कहता हूँ: ओह, लोगों, ओह, लोगों, पवित्र आत्मा ने तुम पर कितनी बार मंडराया होगा, जैसा कि एक मुर्गी अपने बच्चे को पंखो के नीचे रखती है, लेकिन तुम अपने तरीके को चाहते हो, तुम इसके विषय में अपने तरीके बनाने जा रहे हो!

386 इन रातों में से एक रात को मैं प्रचार करना चाहता हूं, "आपका अपना तरीका।" आप जानते हैं, कैन अपने तरीके को चाहता था। आज मनुष्य अपना तरीका चाहता है। "लेकिन एक तरीका है जो सही लगता है, लेकिन अंत मृत्यु है।"

387 अब देखिए। "उसमें वह कहता है, 'एक नयी—एक नयी वाचा... '" मैं सोचता हूं, अब कि... नहीं। मैं गलत जगह पर था।

388 28वां पद।

> *क्योंकि नियम उन मनुष्यों को महा याजक बनाता है जिनमें* दुर्बलताएँ *होती हैं; लेकिन शपथ का वचन, जो नियम के बाद से था, पुत्र को बनाता है, जिसे हमेशा के लिए* जारी *रखा जाता है।*

389 परमेश्वर सदा के लिए धन्य हो, एक पुत्र का जो मलिकिसिदक की रीति पर सदा बना रहता है। और उसकी कभी शुरुआत नहीं हुई। उसका कभी अंत नहीं हुआ है। और नियम ने ऐसा कुछ भी उत्पन्न नहीं कर सका, क्योंकि यह शारीरिक था। कलीसिया ऐसा कुछ भी उत्पन्न नहीं कर सकती है, वे संप्रदाय, क्योंकि वे शारीरिक हैं। वो—वो धर्म विद्यालय कभी भी ऐसा कुछ भी उत्पन्न नहीं कर सकते हैं। उन्होंने दुनिया को इसके लिए शिक्षित करने की कोशिश की। उन्होंने इसे इसके लिए संगठित करने की कोशिश की। उन्होंने दुनिया में हर तरीके से करने की कोशिश की है, ताकि हर एक चीज बनाये जो वे कर सकते हैं, और मुख्य चीज को छोड़ देते हैं: "आपको इसमें जन्म लेना होगा।" परमेश्वर आपको वह बनाता है जो आप हैं, निश्चित रूप से, इसलिए नहीं कि आपने *इसे* करना छोड़ दिया है।

390 अब, नाज़रीन लोगो, आपको अंगूठी पहनने की ज़रूरत नहीं है, आप घड़ी नहीं पहन सकते हैं, और आपको *फलां-फलां* चीजो को नहीं पहनना है, आपके कपडे की बाहें *इतनी* लंबी होना चाहिए, आस्तीन, आपकी स्कर्ट इतनी लंबी होनी चाहिए, और—और पुरुष लॉज से संबंधित नहीं हो सकते। और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो वे आपको बपतिस्मा नहीं देंगे। तो ठीक है। यहां कैथोलिक आते हैं, और उनके पास उनके है। और यहां मेथोडिस्ट आते हैं, उनके पास उनके है। उनमें से हर एक के पास मापने के लिए एक मानदंड है। यदि आप इसे नहीं कर पाते हैं, तो ठीक है, ऐसा ही है। देखा?

391 और फिर, लेकिन असली बात यह है, यह है, "मेरे हाथो में मेरे पास लाने के लिए कुछ भी नहीं है! बस तेरे क्रूस से लिपट जाऊं। हे परमेश्वर, नग्न हुआ, घायल हुआ, सहायता की आवश्यकता में था। ओह, मैं बहुत ही नम्रता से आता हूं, मसीह, यह अंगीकार करते हुए कि मैं कुछ भी नहीं हूं

और मेरे भीतर कुछ भी नहीं है। हे परमेश्वर, मुझे ग्रहण करें।" तब परमेश्वर आपको ग्रहण करता हैं।

392 अब, आप यहाँ तक हो सकता है अपने एबीसी को भी नहीं जानते होंगे। आप हो सकता है छिले हुए मटर से कॉफी नहीं जानते होंगे। आप हो सकता है, बाये मुड़ना, दाएं मुड़ना, दाएं से बाये हाथ को नहीं जानते होंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप क्या *नहीं* जानते हैं। एक बात है जो आपको अवश्य ही जानना चाहिए, कि यीशु मसीह ने पापी के रूप में आपके स्थान को लिया। और आप अपने स्थान को लेते हो, जिससे कि उसकी धार्मिकता में खड़े हो, हर दिन ये अंगीकार करते हुए कि आप गलत है, और उसे अपने पुरे ह्रदय से प्रेम करते है, और अपने सारे उद्देश्य उसकी ओर निर्धारित करते है, आप स्वर्ग जायेंगे। यही है जो इसके लिए करना है, क्योंकि जो जीवन मसीह में था वह आप में होना चाहिए, या तो आप नष्ट हुए हो।

393 बस इससे पहले हम समाप्त करे, क्या आप लोगों को वह बिना शर्त की वाचा याद है जो परमेश्वर ने अब्राहम के साथ बांधी थी? उसने उस शाम को क्या किया जब परमेश्वर ने कहा, "मुझे देखने दो… " जब अब्राहम ने कहा, "मुझे देखने दें कि आप इसे कैसे करने जा रहे हैं।" 16वां अध्याय, मुझे लगता है यही है, उत्पत्ति का। "मुझे देखने दें कि आप इसे कैसे करने जा रहे हैं।"

394 कहा, "यहाँ आओ, अब्राहम।" उसने अब्राहीम को उतारा, "जाकर मेरे लिए एक—एक मेढ़ा, और जाकर मेरे लिए एक—एक—एक बकरी, और जाकर मेरे लिए एक बछड़ा ले आओ। और मैं चाहता हूं कि तुम उन्हें यहां ले जाओ और बलिदान करो।"

395 और अब्राहीम ने जाकर भेड़ को लिया, और—और बकरी, और उस—उस—उस मेमने को, या, बछड़े को लिया। और उसने उन्हें घात किया। वे सभी साफ–सुथरे बलिदान थे। और उन्हें दो हिस्सों में आधा टुकड़ा किया, और उन्हें वहां पर रखा। उसके बाद उसने जाकर और दो कबूतर को लिया, और उन्हें अंदर डाल दिया। तब अब्राहम ने निगरानी की उनके ऊपर से पक्षियों को हटाने लगा, वो परमेश्वर के आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। "अब, प्रभु, वहां वो बलिदान है, आप इसे कैसे करेंगे? मैं नहीं जानता कि आप मनुष्य को उसकी खुद की इच्छा के विरुद्ध कैसे बचाएंगे।

मैं नहीं जानता कि आप यह कैसे करने जा रहे हैं। आप यह कैसे कर सकते हैं, प्रभु? ”

396 प्रभु ने कहा, “अब देखो, अब्राहम। तुम एक भविष्यवक्ता हो। तुम आत्मिक हो, और तुम समझ जाओगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं।”

397 “तो ठीक है प्रभु, मैं देखना चाहता हूँ।” अब मैं सिर्फ नाटक के रूप में बता रहा हूं।

398 “इसलिए, अब्राहम, तुम अब यहाँ पर आओ, और यहाँ बैठकर और पक्षियों को देखो उन्हें हटाओ।” इसलिए उसने सारे पक्षियों को भगा दिया, जब तक कि सूरज ढलना शुरू नहीं हो गया।

399 और पहली बात जो आप जानते हैं, परमेश्वर नीचे उतर आया। जब वह नीचे आया, तो अब्राहम को नींद आने लगी। परमेश्वर ने कहा, “अब्राहम, मैं तुम्हें सुलाने जा रहा हूँ।”

400 अब सुनना, नियमवादी मित्र। देखो, परमेश्वर ने अब्राहम को तस्वीर से पूरी तरह से बाहर कर दिया, उसे इसमें कुछ भी नहीं करना था। और इसी तरह से उसने आपको पाया। आपने कहा, “ओह, मैंने परमेश्वर को ढूंढा।” आपने नहीं ढूंढा।

401 परमेश्वर ने आपको ढूंढा, “कोई मेरे पास नहीं आ सकता जब तक कि मेरा पिता उसे पहले न खींच ले।” देखा?

402 यह परमेश्वर आपको ढूंढता है, आप परमेश्वर को नहीं ढूंढते हो। आपने इसे कभी नहीं किया। आपका स्वभाव गलत है। आप एक सुअर हो। आप कोई फर्क को नहीं जानते। आप बस एक सूअर के बाड़े में रहते हो। यही सब आप जानते हो। आपको इसे पसंद करते हो। बीयर पीना, यहाँ–वहां कीचड़ में जाना, दुसरे पुरुष की पत्नी के साथ घूमना, और जो कुछ भी आप कर सकते हैं करते है ये बुरा है, बस जो अच्छा दिखाई पड़ता है। “ओह, भाई, हम बहुत मज़े कर रहे हैं!” आपको लगता है कि यह अच्छा है।

403 लेकिन परमेश्वर आपके हृदय पर खटखटाता है। [भाई ब्रंहम पुलपीट पर खटखटाते हैं—सम्पा।] यही है जो बदलता है। ना ही आप परमेश्वर पर खटखटा रहे हैं; परमेश्वर आप पर खटखटाता है। आदम ने कभी परमेश्वर के हृदय पर नहीं खटखटाया; परमेश्वर ने आदम के हृदय पर खटखटाया। और आप आदम के पुत्र हो। यह सही है। इससे पहले कि आदम फिर से

परमेश्वर का एक पुत्र बन पाता, परमेश्वर को उसके हृदय पर खटखटाना था। इससे पहले कि आप परमेश्वर के पुत्र बन सकें, परमेश्वर को आपके हृदय पर खटखटाना होगा।

404 फिर, अब्राहम नींद में चला गया। और जब वह सोने गया, तो उसने सबसे पहले क्या देखा? एक बहुत ही भयानक, डरावना, खूंखार, अंधकार। यह मृत्यु है, जो सारी मानवजाति पर आती है। फिर उस ने उस से थोड़ा और आगे बढ़कर देखा, तो क्या देखा कि एक उठते हुये धुयें की भट्ठी थी। इससे पहले कि आप धुआं सुलगा सकें, आपको आग लगानी होगी। यही वो कारण है कि मैं नरक को एक जलती हुई जगह का विश्वास करता हूं। तो ठीक है।

405 उसने दिखाया, हम में से प्रत्येक व्यक्ति मृत्यु के अधीन है, और हम में से प्रत्येक को नरक में जाना है, क्योंकि हम पापी हैं।

406 अब, लेकिन, उससे परे, उसने एक छोटा सा सफेद उजियाला देखा।

407 और यह छोटा सा सफेद उजियाला, उजियाला क्या है? यह सफ़ेद उजियाला क्या था? आग का वह खम्भा जो इस्राएल की संतान के आगे–आगे चलता था। आग का खम्भा जिसने दमिश्क के रास्ते पर पौलुस से भेंट की। आग का खंभा जिसने पतरस को जेल में से बाहर निकाला। वो आग का खंभा जो आज रात यहाँ पर है।

408 वह अनंत, चिरस्थायी परमेश्वर, वह स्वयं इन अलग किये हुए बलिदानों के बीच चला, (ओह, प्रभु), हर एक पर आगे और पीछे। “इसी तरह से मैं इसे करने जा रहा हूँ, अब्राहम। मुझे देखो, मैं क्या करने जा रहा हूँ। मैं यहां एक वाचा को बांधने जा रहा हूं। और मैं एक शपथ को लूंगा, कि, बीज के अनुसार, मैं एक बिचवाई करने वाले को खड़ा करूंगा। मैं मृत्यु से एक वाचा बाँधूँगा। और मैं शरीर में मृत्यु को दोषी ठहराऊंगा, क्योंकि मैं स्वयं आकर उसे ले लूंगा। अब्राहम,” कहा, “अब्राहम तेरे बीज के द्वारा, वो आएगा, तू तेरे बीज के द्वारा जगत का पिता होगा। और ना ही केवल तुझसे, मैं तुझ से भी प्रतिज्ञा करता हूं, लेकिन तेरे बाद तेरे बीज से भी यह प्रतिज्ञा करता हूं।” वह आने वाले हर एक को जानता था। “ना ही उन्हें; लेकिन मैं जो करता हूँ। मैं इसे करने जा रहा हूँ, अब्राहम। मैंने आदम पर भरोसा किया, और उसने अपना भरोसा तोड़ दिया। और हर एक अपने भरोसा को तोड़ता

है। लेकिन मैं इसे अपने साथ बांधूंगा, और खुद की शपथ खाऊंगा, 'मैं इसे पूरा करूंगा।'" आमीन। आमीन। आमीन।

409 हम क्या करें, हम एक वाचा बांधे? मैं कहता हूँ, "भाई नेविल... " अब इसे देखें, बस एक मिनट। मैं कहता हूँ, "भाई नेविल, आप बताओ कि मैं क्या करूँ। क्या आप प्रचार करेंगे... कल रात, और अगली रात, बुधवार तक, मैं बुधवार से रविवार तक प्रचार करूंगा।" [टेप पर खाली जगह—सम्पा।] "आप इसे सहमति देते हैं? "

410 "जी हां, महाशय।"

411 यहाँ हमारा इसे करने का तरीका ऐसा है। "हाथ मिलाओ, लड़के।" बस इतना ही। ऐसे ही अमेरिका में एक वाचा या मंजूरी को देते है। इसी तरह हम एक वाचा को बांधते हैं।

412 अब, जापान में वे कैसे एक वाचा को बाँधते हैं? हम बाँधते हैं, कहते हैं, "तुम *ऐसा–और–ऐसा* करना, और मैं *ऐसा–और–ऐसा* करूंगा।" हम चुटकी भर नमक को लेते हैं, क्योंकि नमक में एक स्वाद होता है। और हम नमक को लेते हैं, और मैं इसे भाई नेविल पर फेंकता हूँ, और भाई नेविल नमक—नमक को लेते हैं और इसे मुझ पर फेंक देते है। यही एक बांधने वाली वाचा है।

413 डेविड लिविंगस्टोन ने अपने देश में जाने के लिए अफ्रीकी नीग्रो के साथ एक वाचा कैसे बाँधी? वो जाकर और मुखिया से मिला, कि वह वहां से होकर गुजर सके, ताकि सुसमाचार को प्रचार करे और काम कर सके। और उन्होंने एक प्याला शराब लिया। यहाँ अफ्रीका में नीग्रो के साथ ऐसी वाचा है। उनके पास शराब का प्याला था। और नीग्रो के मुखिया ने अपनी ही नसें काटी, और शराब के इस प्याले में लहू को बहाया। और डेविड लिविंगस्टोन ने अपनी खुद की नसों को काटा, और इसे शराब के प्याले में बहा दिया। उन्होंने इसे हिलाया। लिविंगस्टोन ने इसका आधा प्याला पीया, और नीग्रो मुखिया ने इसका आधा प्याला पीया। उसके बाद, वे एक दूसरे को भेंट देते हैं। नीग्रो प्रमुख से डेविड लिविंगस्टोन ने कहा, "आपको मुझसे क्या चाहिए? "

414 उसने कहा, "वह सफेद कोट आपने पहन रखा है।" तो लिविंगस्टोन ने अपना कोट उतार दिया और नीग्रो मुखिया को दे दिया। उसने कहा, "आपको क्या चाहिए? "

415 उसने कहा, “वह पवित्र भाला आपके हाथ में है।” क्योंकि, वह जानता था कि वह उसके साथ अंदर जा सकता है, इसलिए उसने उस भाले को ले लिया। और वे भाई थे, क्योंकि उन्होंने वाचा बान्धी थी।

416 और जब वह आगे निकला, और उस जाति के लोग उसे मारने के लिये दौड़े कर आए, तब उस ने पवित्र भाले को ऊपर उठाया। और जब उसने ऐसा किया, उन्होंने देखा और उन्होंने कहा, “ओह, ओह, हम उस व्यक्ति को छू नहीं सकते।” क्यों? “वह एक वाचा का भाई है, हालाँकि वो श्वेत रंग का है, हमने उसे पहले कभी नहीं देखा।” वे कभी भी नहीं जानते थे कि वे अश्वेत है जब तक उन्होंने उसे नहीं देखा था। ऐसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। “लेकिन वह एक वाचा का भाई है। उसके हाथ में मुखिया का भाला है।”

417 क्या ही सुंदर तस्वीर है, आज, प्रभु यीशु के लहू की वाचा को पीने की, हम पर पवित्र आत्मा की सामर्थ के साथ! हम यीशु के नाम में आगे बढ़ते हैं, और ये चिन्ह उनके पीछे–पीछे जायेंगे जो उसके हैं। यह मुखिया का पवित्र भाला है। देखो यह वाचा कैसी है?

418 उन्होंने इसे पूर्वी समय में कैसे किया? उन्होंने एक दूसरे को शपथ दिलाई। उन्होंने एक पशु को घात किया, उसे काट कर अलग किया, और ठीक बीच में खड़े हो गए। वे—वे दो मनुष्य उसके बीच खड़े हुए, अलग किये गये पशु के। और उन्होंने एक वाचा को बाँधा। “यदि मैं *इसे* रखने में विफल होता हूं, *यदि* मैं ऐसा करने में विफल रहता हूं, क्यों, *इसे* और *फलां–और–फलां* करने में, तो मेरा शरीर इस मरे हुए पशु की तरह हो जाए। मेरा शरीर इस मरे हुए पशु के समान हो जाए।” और जब वे ऐसा करते हैं, तो वे इस वाचा को लेते हैं और *इसके* बीच में खड़े होते हैं; एक शपथ लेंते है, शपथ लेंते है कि वे इसे करेंगे। और वे कागज को एक साथ फाड़ते हैं, अलग–अलग करते हैं, और इसे एक आदमी को सौंप देते हैं, अगला दूसरे आदमी को सौंपता है। वे ठहराये हुए निश्चित समय पर मिलेंगे। और यदि वे उस शपथ को मानने में विफल रहे, तो उन्हें मृत्यु से मरने दो; और उन मरे हुए पशुओं के समान हो। तो ठीक है।

419 आपने तीन पशुओ को देखा? सिद्ध; वो मेमना, बकरा, और तीन सिद्ध बलिदान। मेमना क्या था... पिंडुक क्या था? और दो पिंडुक का मतलब क्या था? उद्धार और चंगाई दोनों के लिए दो पिंडुको की बलि दी गई थी,

उस में—उस में... जो इसमें चला गया। देखना? प्रायश्चितायें भिन्न–भिन्न किए गए थे, लेकिन चंगाई वैसे ही जारी रही, और इसी तरह उद्धार भी वैसे ही चलता रहा। दो पिंडुक, ना ही अलग किये गये, इसका अर्थ है कि उन्होंने दोनों का प्रतिनिधित्व किया। उद्धार... "उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो गए। वह हमारे अपराधों के कारण घायल किया गया। उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो गए।" उन्हें एक तरफ रखा गया, दो भाग नहीं किया गया। लेकिन वाचा, पशु के हिस्सों को (उन तीन के) काट कर अलग किये गये। आपने देखा? फिर जब उन्होंने ऐसा किया, उन्होंने टुकड़े किया और उनकी वाचा बान्धी।

420 देखो कि परमेश्वर अब्राहम से क्या कह रहा था: "कलवरी पर, कलवरी पर, तुम्हारे बीज के अनुसार। तुझ में से इसहाक आया, इसहाक में से *ये–और–ये* आया, याकूब, याकूब में से यूसुफ आया, यूसुफ में से, आगे, और आगे, और आगे, उत्तराधिकारी आया, अंत में, उस धर्मी बीज के जरिये से!" उसका...

421 वो अब यहाँ से होकर गया, कहते हुए कि हमारा प्रभु एक ऐसे राष्ट्र से निकला है जो नहीं जानता। मूसा ने कभी इसके बारे में बात भी नहीं की, एक याजकगण से बाहर आया। "हमारा प्रभु यहूदा के गोत्र में से उत्पन्न हुआ।" ना ही लेवी में से आया, क्योंकि वे शारीरिक नियमवादी थे। लेकिन हमारा प्रभु यहूदा में से बाहर आया। महिमा! वहां आप हैं। जहां पर प्रतिज्ञा की गयी थी!

422 अब ध्यान से से सुनें, जब हम समाप्त करते हैं। और कलवरी पर, परमेश्वर नीचे उतर आया और अपने निज पुत्र के शरीर को ले लिया, जिसमें वह रहता था, और उसने उसे कलवरी पर काट कर दो भाग किया। उसका खून बह रहा था, घायल हो गया था, काटा गया, और भाले को वहां डाला गया और उसे काट कर दो भाग किया, और उसके लहू की धार बह निकली। और उसने कहा, "पिता, मैं अपनी आत्मा को तेरे हाथों में सौंपता हूं।" उसने सिर झुका लिया। और पृथ्वी कांप उठी, और बिजलियां चमक उठी, और गर्जनाए होने लगी। परमेश्वर अपनी सनातन की वाचा को लिख रहा था।

423 और वो सप्ताह के पहिले दिन उसकी देह को कब्र में से निकालकर, और ऊपर स्वर्ग में ले गया, और वहां महायाजक के नाई बैठ गया, एक

निवेदन के समान; वहाँ बैठा हुआ है, सिद्ध, हमेशा के लिए। और उसने उस आत्मा को भेजा जिसे उसने उस शरीर में से अलग किया, वापस सीधे कलीसिया पर उंडेल दिया। और उस कलीसिया के पास वही आत्मा होनी चाहिए जो उस शरीर में थी, या तो यह पुनरुत्थान में इसके साथ मेल नहीं खायेगा। उन दो टुकड़ों को अवश्य ही सिद्ध रूप से एक साथ आना चाहिए। और यदि यह कलीसिया सिद्ध रूप से नहीं आती है, बिल्कुल ठीक–ठीक वही आत्मा जो मसीह में थी, तो आप कभी भी रेपचर में नहीं जाओगे।

424 वहाँ सनातन की वाचा है, भाई। इसे अपने आप में खोजे, आपके अपने हृदय में क्या है। प्रभु से प्रेम करे। वास्तव में निश्चित करे कि आप बचाए गए हैं। इस पर मौका न लें। आप जुआ खेल रहे हो। ओह, आप, हम अमेरिकी लोग, जुआ खेलना पसंद करते हैं, लेकिन आप उस पर जुआ ना खेले। आप निश्चिंत करे कि आप सही हैं। इसलिए नहीं कि आप कलीसिया में जुड़े हुए है, लेकिन इसलिए कि आपने वास्तव में फिर से जन्म पाया है, मसीह आपके पास आया है, पवित्र आत्मा के व्यक्तित्व में।

425 अब, बस सम्मानसूचक भी है, जैसे मैं बंद कर रहा हूँ। हमें कितना खुश होना चाहिए, कि हम उसी आत्मा को देखते है जो यीशु मसीह में था, ठीक हमारे बीच में, उन्हीं कामो को कर रहा है जो उसने तब किये था जब वह यहाँ धरती पर था! हमें कितना खुश होना चाहिए!

आइए अब हम प्रार्थना करें, जैसे हम अपने सिरों को झुकाते हैं।

426 प्रभु, यह एक महान दिन रहा है। हालांकि, मुझे ऐसा ऐसा महसूस होता है मैं हमेशा करता हूं, कि मैं असफल हो जाता हूं। मैं इसका सही प्रतिनिधित्व नहीं कर सकता हूं, प्रभु। मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे मेरे मूर्खतापूर्ण तरीकों के लिए क्षमा करेंगे। ओह, मैं आपके सामने अपने पापों को स्वीकार करता हूँ, और दया के लिए माँगता हूँ, यह जानते हुए कि वहाँ एक महान महायाजक है जो उस ओर वहाँ स्वर्ग में परमेश्वर के दाहिने हाथ खड़ा है, जो हारून के बाद, व्यवस्थाओ और नियमो और चीजों के बाद नहीं बनाया गया था। लेकिन वह वहां परमेश्वर के उस अनुग्रह के कारण वहां बैठा था, जिसने जगत की उत्पत्ति से पहिले आगे की ओर देखा, और मुझे यहाँ नीचे संसार में देखा, और मेरे पापों के लिए मरा, ताकि मुझे परमेश्वर के राज्य में वापस लाये। पिता, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

427 कारण, यह आत्मा जो अब आपके लोगों में राज्य करती है ये अनन्त है क्योंकि परमेश्वर अनन्त है। "मैं उन्हें अनन्त जीवन, सदा का जीवन, सनातन का जीवन देता हूँ, और वे कभी भी नाश न होंगे।" और न्याय के समय पर, वे वहाँ कभी भी नहीं होंगे। वे न्याय से पार हो चुके है। वे महिमा में जा चुके है। "और यदि यह धरती पर का डेरा सरिखा भवन गिराया जाता है, तो हमारे पास पहले से ही एक है जो हमारे आने की प्रतीक्षा में है।" उसके लिए धन्यवाद, प्रभु।

428 मैं अब प्रार्थना करता हूं, यदि आज रात यहां कोई है, जिसने अभी तक वाचा का सच्चे लहू को नहीं पीया है, यह नहीं जानता कि इसका क्या मतलब है, यह नहीं जानता कि फिर से जन्म लेने का क्या मतलब होता है, अपने हृदय में, या अपने हृदय में मसीह के साथ वास्तविक संगति का होना, होने पाए वे उसे अभी ग्रहण करे, जब हम रुके हुए हैं और इस अवसर को देते हैं। और उस दिन पर, हम प्रार्थना करते हैं कि हमने सही उजियाले में सुसमाचार का प्रतिनिधित्व किया है। हम मसीह के नाम में प्रार्थना करते हैं।

429 जब हम अपने सिर झुकाए हुए हैं, क्या कोई व्यक्ति होगा जो अपने हाथों को मसीह के लिए उठाएगा, और कहे, "परमेश्वर के मसीह, मुझ पर दया करे। मुझे, आपके अयोग्य सेवक के रूप में, अब मेरे हृदय में पवित्र आत्मा ग्रहण करने देंगे। और मुझे वह भरोसा और प्रेम देना जिसकी मुझे वास्तव में आवश्यकता है"? यदि आपके पास यह नहीं है, तो क्या आप केवल अपने हाथ उसकी ओर उठाएंगे, यह कहते हुए, "प्रभु, यह एक चिन्ह है कि मैं इसकी इच्छा रखता हूं"? क्या आप अपना हाथ ऊपर करेंगे? वहाँ पीछे परमेश्वर आपको आशीष दे, महिला। परमेश्वर आपको आशीष दे यहाँ, श्रीमान। यहाँ आपको आशीष दे, श्रीमान। परमेश्वर आपके साथ हो। यह अच्छी बात है। यह व्यक्ति जो यहाँ अंत में है, परमेश्वर आपको आशीष दे, मेरे भाई। और कोई और है, अब इससे पहले हम बंद करे, बस कुछ क्षणों के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। वहां पीछे परमेश्वर आपको आशीष दे, पुत्र। कोई और है?

430 "अब मेरी इच्छा है। मेरी इच्छा है, प्रभु परमेश्वर। आप मेरे हृदय को जानते हैं। आप जानते हैं कि मेरे मन में क्या है। आप, 'परमेश्वर का आत्मा दोधारी तलवार से भी तेज और चोखा है, यहां तक कि हड्डी के गूदे–गूदे

को भी छेदनेवाला, और ह्रदय के विचारों का एक परखने वाला।'" उस पर विचार करें। वह आपके उन्हीं विचारों, आपके इरादों को जानता है।

431 क्या आप अपना हाथ उठाएंगे? कहे, "मुझ पर दया करे, परमेश्वर, ठीक अभी। मैं—मैं चाहता हूं कि आप जानें कि मैं जानता हूं कि मैं गलत हूं, और मुझे इसका एहसास है, लेकिन मैं सही होना चाहता हूं।" तो ठीक है, जबकि हम अब अपने सिर नीचे झुकाये हुए हैं, अब प्रार्थना कर रहे हैं, बस कुछ क्षणों के लिए सोचें। हम इसके विषय में जल्दबाजी नहीं करना चाहते।

युगों की चट्टान, मेरे लिए चिरी गई,
मैं अपने आप को तुझ में छिपा लूं;
वो पानी और लहू को,
तेरे बहने वाले ओर से...
पाप के लिए दुगना बना... (दुगना इलाज, उसने इसके द्वारा शपथ ली, दो अपरिवर्तनीय चीजें।)
क्रोध से बचाकर और मुझे पवित्र करे।

जबकि मैं खींचता...

432 हे प्रभु, अभी प्रदान करें कि हम सभी यह पहचान लें कि ये सांसें जो हम खींच रहे हैं वे अस्थायी हैं। हम नहीं जानते कि हमारे आगे कितनी और सांसे रखी हैं। यह सब आपकी महान परामर्श के द्वारा होता है। इसे आपके द्वारा निर्धारित किया गया है। अरे हम पर दया कीजिये। और जिन्होंने अपने हाथ ऊपर उठाए हैं, प्रभु, उनका उल्लेख करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आप उनमें से हर एक को जानते हैं। लेकिन मैं सिर्फ उनके लिए बिचवाई की इस प्रार्थना को करता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उनके ह्रदय से दोष को दूर कर देंगे, और उन्हें ठीक अभी, सिंहासन के पास हिम्मत के साथ आने दीजिये; सीधे परमेश्वर के सिंहासन तक हिम्मत के साथ चलें, वे परमेश्वर प्रदान किये गये उनके सौभाग्य का दावा करें। आपने उनके हाथ को ऊपर उठाने को विवश किया। वे इसे अपने आप नहीं कर सकते थे। और मैं प्रार्थना करता हूँ, परमेश्वर, कि आप इसे यीशु के नाम में प्रदान करेंगे। आमीन।

... मैं तुझमें;

अब, केवल उसकी अब आराधना करे।

पानी और... (ओह, प्रभु!)
तेरे घायल बगल से जो बहा
पाप का दोहरा उपचार बनो,
क्रोध से बचा और मुझे पवित्र कर।

433 कितने अब वास्तव में अच्छा महसूस करते हैं? अपना हाथ ऊपर करे, कहे, "प्रभु की स्तुति हो!" [सभा कहती है, "प्रभु की स्तुति हो!"—सम्पा।] ओह, वो अद्भुत है! ओह!

वहां झरने पर अवसर है। क्या आप इसे जानती हैं, बहन गर्टी? तो आइये। उस गीत को कितने लोग पसंद करते हैं? अब हम बस कुछ ही क्षणों में बपतिस्मा सभा को करने जा रहे हैं। (आप उन्हें बपतिस्मा देने जा रहे हैं?) तो ठीक है।

अवसर, जी हां, वहां पर अवसर है,
वहां उस झरने पर आपके लिए अवसर है;
अवसर है, अवसर...

434 तो ठीक है। बपतिस्मा के लिए वे उम्मीदवार, पुरुष *इस* कमरे में जाएंगे, महिलाएं *इस* कमरे में, तो ठीक है, जिन्हें हमारे प्रभु के धन्य नाम में बपतिस्मा लेना है।

... आपके लिए भला है,
वहां उस सोते पर आपके लिए अवसर है;
परमेश्वर मेरे लिए बहुत भला रहा है,
वहां तुम्हारे लिए झरने पर अवसर है।

435 अब हर एक जन:

अवसर, अवसर, जी हां, वहां पर अवसर है,
वहां उस झरने पर आपके लिए अवसर है;
ओह, अवसर, अवसर, हाँ, वहां अवसर है,
वहां तुम्हारे लिए झरने पर अवसर है।

436 ओह, मुझे वह पुराना गीत बहुत पसंद है। क्या आपको नहीं है?

वहां उस झरने पर आपके लिए अवसर है;
ओह, अवसर, अवसर, वहां पर बहुत ही अवसर है,
वहां झरने पर अवसर है।

437 अब, जबकि प्राचीन लोग अंदर चले गए हैं, बपतिस्मा के लिए तैयारी करने, मैं श्रोतागणों को समझाना चाहूँगा। और मैं कुछ डीकन लोगो से पूछूंगा, क्या वे मुझे कमरे में सुन सकते हैं, जब वे तैयार हों जाए, तो आकर और—और मुझे बताये, और इसलिए हम माइक को वहां ले जा कर सकते हैं। हम चाहते हैं कि आप सभी इसे देखें। लगभग दस मिनट और रहें, और कलीसिया को विदा के दिया जाएगा।

438 अब मैं आपके लिए कुछ वचनों को पढ़ना चाहता हूं। मैं उन्हें प्रेरितों के काम की पुस्तक में से पढ़ना चाहता हूं। और मैं प्रेरितों के काम के 2रे अध्याय के 12वें पद से आरंभ करना चाहता हूं।

439 अब, मैं चाहता हूँ कि आप संत लूका के 16वें अध्याय में ध्यान दें, मेरा मतलब संत मत्ती को, मैं सोचता हूं कि यही है कि यीशु पहाड़ से उतर रहा था। वे... अपने शिष्यों से कहा, "मनुष्य मुझ मनुष्य के पुत्र को क्या कहते है? "

440 "और उनमें से कुछ ने कहा, क्यों, तुम 'एलियास,' हो। और कुछ कहते हैं कि तुम—तुम 'वो भविष्यव्यक्ता,' हो। और कुछ कहते हैं कि तुम *यह* या *वह* हो।"

441 उसने कहा, "परंतु तुम मुझे क्या कहते हो? "

442 और पतरस ने कहा, "तू जीवित परमेश्वर का पुत्र मसीह है।" यह सही है?

443 यीशु ने कहा, "धन्य हैं तुम, शमौन योना के पुत्र, क्योंकि मांस और लहू ने इसे प्रकट नहीं किया है। तुमने कभी भी किसी धर्म विद्यालय में नहीं सीखा। तुमने इसे मनुष्य के द्वारा कभी भी नहीं सीखा।" कहा, "लेकिन मेरे पिता ने जो स्वर्ग में है यह बात तुम पर प्रगट की है। और मैं कहता हूं कि तू पतरस है। इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊँगा। अधोलोक के फाटक इसके विरुद्ध प्रबल नहीं होंगे। और मैं तुम्हें स्वर्ग के राज्य की चाबियां देता हूं।" क्या यह सही है? "और जो कुछ तुम धरती पर खोलोगे, मैं उसे स्वर्ग में खोलूंगा। जो तुम धरती पर बाँधोगे, मैं उसे स्वर्ग में बाँधूँगा।" क्या उसका ये मतलब था? उसने इसे नहीं कहा होता। अब, जैसे–जैसे समय बीतता गया, अब, पतरस के पास राज्य की चाबियां थीं।

444 अब, आप कैथोलिक लोग, आप यह सोच सकते हैं, कि आप कहते हैं, "कैथोलिक कलीसिया पतरस पर बनायी गयी है।" तो ठीक है, हम

पता लगाएंगे। "उनके पास चाबियां थीं। कैथोलिक कलीसिया के पास अब भी चाबियां हैं।"

445 आइए देखें कि *पतरस* ने चाबियों के विषय में क्या किया, देखें, उसके बाद हम पता लगा लेंगे। बाईबल ने पतरस से और बाकी प्रेरितों से कहा, "तुम सारे संसार में जाओ। जिसके पाप तुम क्षमा करते हो, उनके लिए क्षमा किए गए हैं। जिसके पाप तुम रखते हो, उनके पाप रखे जाते हैं।" वह, मैं ऐसा इसलिए कह सकता हूं... हो सकता है किसी को मेरी बात समझ में न आए। यीशु ने प्रेरितों से कहा, "जिनके पाप तुम क्षमा करोगे, मैं भी उन्हें क्षमा करूँगा। और जिस किसी के पाप तू क्षमा न करे, और उनके विरुद्ध तुम रखे रहते हो, मैं भी इसे उनके विरुद्ध रखूंगा।" यही है जो यीशु ने कहा।

446 कैथोलिक कलीसिया को उस पर जोर डालते हुए देखें।

447 लेकिन आइए जानें कि उन्होंने यह कैसे किया। फिर यदि हम जान जाते है कि उन्होंने यह कैसे किया, तो हमें भी उसी तरह इसे करना चाहिए। अब आइए हम जानें।

448 यह पेंटीकोस्ट का दिन है। कलीसिया का प्रथम परिचय किया जा रहा है। वे सभी ऊपर के कमरे में थे। वे लोग वहाँ से भिन्न–भिन्न भाषाओ में बोलते हुए बाहर निकले। क्यों? आकाश के नीचे की हर एक भाषा का वहां प्रतिनिधित्व वहाँ किया गया था। वहां अंग्रेजी भी थी। आकाश के नीचे की हर एक भाषा को होना था, जो उस दिन भाषा बोली गयी थी। यहाँ आगे जाते है और बहुत सी भाषाओ को बोलते है, और कैसे क्रेट लोग और अजनबी लोग, और रोम के धर्मांतरित लोग, और——और——और अरेबियन, और सभी बोल रहे थे और महि–... अब, वे अज्ञात भाषा में नहीं बोल रहे थे। वे लोगों से जानी–पहचानी भाषाओं में बोल रहे थे। ना ही अज्ञात भाषाएँ, बल्कि ऐसी भाषाएँ जो हर कोई समझता है। पापी, अविश्वासी, ये सुन सकता था जो वो कह रहा था। "हम किस तरह से अपनी भाषा में सुन सकते हैं जिसमें कि——कि हमने जन्म लिया था? "

449 अब देखो। अब प्रश्न ये आता है। अब, "दूसरों ने मजाक उड़ाया।" 12वां पद, तो ठीक है।

> *और वे सब चकित हुए, और... संदेह में, एक दूसरे से कहने लगे कि इसका क्या मतलब होता है?*

औरों ने ठट्ठा करके और कहा, *कि वे... तो नई मदिरा के नशे में हैं।*

450 वे उनका मजाक उड़ा रहे थे। क्योंकि, वे कैसे कर रहे थे? वे मदिरा पीए हुए लोगो की नाई डगमगाते थे, जैसे नशे में मनुष्य होते है। बात कर रहे थे, नहीं जानते थे कि वे क्या कह रहे थे, लेकिन वे सभा के लोगों से भाषाओं में प्रचार कर रहे थे वे नहीं जान पाए, लेकिन सभा के लोग जानते थे। देखा? तो ठीक है।

औरों ने... कहा, वे तो *नई मदिरा के नशे में हैं,* देखो वे किस तरह से बर्ताव कर रहे हैं।

औरों ने ठट्ठा करके, कहा, *ये... भरे हुए हैं...*

"लेकिन पतरस... " उसे देखो, लड़के! तुम्हारे पास चाबियां हैं।

लेकिन पतरस उन ग्यारह के साथ खड़ा हुआ, और ऊंचे शब्द से कहने लगा, और उनसे कहा,...

अब, याद रखें, यह कलीसिया का पहला परिचय है।

... हे यहूदिया के लोगो, और हे यरूशलेम में तुम *सब रहने वालों, यह जान लो, और कान लगाकर मेरी बातें सुनो:*

जैसा तुम *समझ रहे हो, ये* नशे *में नहीं, क्योंकि अभी तो पहर ही दिन चढ़ा है।*

तब यहाँ तक शराबखाने भी नहीं खुलते थे। देखा?

लेकिन यह वही है जिसके विषय में भविष्यव्यक्ता योएल के द्वारा कहा गया था;

... अंत के दिनों में ऐसा होगा, परमेश्वर कहता है, मैं अपना आत्मा सब मनुष्यों पर उण्डेलूंगा: और तुम्हारे बेटे और तुम्हारी बेटियों पर, और वे *भविष्यद्वाणी करेंगी, और तुम्हारे जवान दर्शन देखेंगे, और तुम्हारे पुरनिए स्वप्न देखेंगे:*

वरन मैं अपने दासों और... अपनी दासियों *पर भी उन दिनों में अपने आत्मा में से उंडेलूंगा;... और वे भविष्यद्वाणी करेंगे:*

और मैं ऊपर आकाश में अद्भुत काम, और नीचे धरती पर चिन्ह दिखाऊंगा;*...*

अब, यह है जो पतरस अब प्रचार कर रहा है, जिसके पास चाबियां हैं।

... लोहू, ... आग, ... और धूएं का बादल *दिखाऊंगा:*

सूर्य अंधकार हो जायेगा और, ... चान्द लोहू हो जाएगा, प्रभु के महान और महत्वपूर्ण दिन के आने से पहिले:

और ये पूरा हो जायेगा कि जो कोई भी प्रभु के नाम को लेगा, वही उद्धार पाएगा।

हे इस्राएल के लोगो, ये बातें सुनो; नासरत का यीशु, एक ऐसा मनुष्य जो सामर्थ के कामों और अद्भुत कामो और चिन्ह *के द्वारा तुम्हारे बीच में परमेश्वर से स्वीकृत हो, जो तुम्हारे बीच में...* उसने *किया, ... जिसे तुम आप ही... जानते हो:*

फटकार के बारे में बात करें? उसके पास चाबियां थीं, आप जानते हैं। हो...

उसी को, जब वह परमेश्वर की ठहराई हुई मनसा और होनहार के ज्ञान के अनुसार पकड़वाया गया, ...

वहां आप हैं। उसे भला कभी कैसे सौंपा जा सकता था? क्योंकि परमेश्वर ने इसे ऐसा होने के लिए ठहराया गया था। देखा? परमेश्वर का पूर्वज्ञान!

451 [एक भाई कहता है, "तैयार है?"—सम्पा।] बस कुछ ही समय में। उनसे कहो, बस एक मिनट रुकना, जब तक कि मैं वचनों को पूरा न कर लूं।

... तो तुम ने अधमियों के हाथ से उसे क्रूस पर चढ़वा कर मार डाला:

परन्तु उसी को परमेश्वर ने मृत्यु के बन्धनों से छुड़ाकर जिलाया: क्योंकि यह अनहोना था कि... वह उसके वश में रहता।

क्योंकि दाऊद उसके विषय में कहता है, *कि मैं प्रभु को सर्वदा... अपने साम्हने देखता रहा क्योंकि वह मेरी दाहिनी ओर है,* ताकि *मैं डिग न जाऊं:*

इसी कारण मेरा मन आनन्दित हुआ, और मेरी जीभ मगन हुई; वरन... मेरा शरीर भी आशा में बसा रहेगा:

क्योंकि तू मेरे प्राणों को अद्योलोक में न छोड़ेगा, और न ही अपने *पवित्र जन को सड़ने देगा।*

तू ने *मुझे बताया है*... मेरे—मेरे *जीवन का मार्ग बताया है; तू मुझे अपने दर्शन के द्वारा आनन्द से भर* देगा।

हे भाइयो, मैं उस कुलपति दाऊद के विषय में तुम से साहस के साथ कह सकता हूं कि,... वह तो मर गया और गाड़ा भी गया, और उस की कब्र आज तक... हमारे यहां वर्तमान है।

सो भविष्यद्वक्ता होकर और यह जानकर कि परमेश्वर ने मुझ से शपथ *खाई है...*

ये मुझे अभी इसमें से प्रचार करते समय मिला।

... *कि उसके* अनुसार—अनुसार *उसके जांघ के* वंश *के अनुसार,* वह करेगा... *देह के अनुसार, वह मसीह को अपने सिंहासन पर बैठने के लिए जिलाएगा;*

ये मुझे अभी इसमें से प्रचार करते समय मिला। पतरस इसी बात का प्रचार कर रहा था।

और *इसे पहले देखते हुए* (भविष्यद्वक्ता ने इसे पहले देखा था।) *मसीह के जी उठने के विषय में भविष्यद्वाणी की, कि न तो उसका प्राण अधोलोक में छोड़ा गया, और न* उस की देह *सड़ने पाई।*

इसी यीशु को *परमेश्वर ने जिलाया, जिस के हम* सब *गवाह हैं।*

इस प्रकार सर्वोच्च पद दिया गया, और दाहिने हाथ पर... दाहिने हाथ पर स्वर्ग में सर्वोच्च पद पाया, *और पिता से वह पवित्र आत्मा प्राप्त करके... जिस की प्रतिज्ञा की गई थी, उस ने... यह उंडेल दिया है* जो तुम *देखते और सुनते हो।*

क्योंकि दाऊद तो स्वर्ग पर नहीं चढ़ा, (वो भविष्यव्यक्ता): *परन्तु वह आप* कहता है, *कि प्रभु ने मेरे प्रभु से कहा, तू मेरे दाहिने बैठ,*

जब तक कि मैं तेरे बैरियों को *तेरे पांवों तले की चौकी न कर दूं।*

इसलिए (इसे सुनना) *अब इस्त्राएल का सारा घराना* निश्चय, *जान ले कि परमेश्वर ने उसी यीशु को,* जिसे तुम ने... *क्रूस पर चढ़ाया, प्रभु भी ठहराया और मसीह भी*

इससे बात ख़त्म हो जानी चाहिए, क्या यह नहीं होना चाहिये?

जब उन्होंने इसे सुना, वे पापी लोग, *उनके* हृदय *छिद गए, और पतरस से कहा... लोगो...* और *पतरस और... शेष प्रेरितों से पूछने लगे, कि हे भाइयो, हम क्या करें?*

452 तो ठीक है। यहाँ आप है। उसके पास है? वो चाबी, राज्य की चाबी। राज्य कहाँ पर है? यह आपके भीतर है। यह सही है? पवित्र आत्मा परमेश्वर का राज्य है। हम इसे जानते है। हम राज्य में जन्मे है, प्रजा और प्रतिनिधियों के रूप में। देखो। उसके पास उसकी बगल में चाबियां हैं। "आप इसके साथ क्या करने जा रहे हैं?" यह पहली बार है जब दरवाजा कभी खोला गया था।

453 अब, प्रचारक से प्रश्न पूछा गया है, पहली बार, वो जिसके पास चाबी है। मैं सोचता हूं यदि उसने कहा, "अपने सर के बल खड़े हो जाओ," वह आधिकारिक था।

454 "जो कुछ तुम पृथ्वी पर बाँधोगे, मैं स्वर्ग में बाँधूँगा।" तो ठीक है। "तुम जो कहोगे, मैं उसी बात को कहूंगा। तुम्हारे पास चाबी है।" तो ठीक है। वो दरवाजे के अंदर चाबी को घुमाता है।

... आप क्या करते हैं? *लोगो और भाइयों, हम क्या करें?*

अब जब उन्होंने यह सुना तो उनके *हृदय छिद गये और उन्होंने कहा... लोगों और भाइयों,...*

... पतरस ने उन से कहा, पश्चाताप करो, और तुम में से हर एक जन अपने–अपने पापों *की क्षमा के लिये यीशु मसीह के नाम से बप्तिस्मा ले। और* तुम *पवित्र आत्मा के दान को पाओगे।*

क्योंकि यह प्रतिज्ञा तुम से, और तुम्हारी सन्तान के लिए है, और उनके लिए जो बहुत दूर–दूर *है, यहाँ तक जितनो को प्रभु हमारा परमेश्वर बुलाएगा।*

इसने इसे हमेशा के लिए स्थिर कर दिया। कोई भी व्यक्ति कभी भी, किसी भी समय, कभी भी, कभी भी उसका खंडन नहीं कर सकता।

455 कैथोलिक कलीसिया वहां आती हैं, पानी में डूबने के बजाय, वे जल को छिड़कते हैं। यीशु के नाम का उपयोग करने के बजाए, उन्होंने लिया है, "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा।" बाईबल में कभी नहीं सिखाया गया था।

456 उस समय से लेकर प्रत्येक व्यक्ति ने, यीशु मसीह के नाम में पानी में डुबकी लगाने के द्वारा बपतिस्मा लिया था। और कुछ को यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले ने डुबाया था, जिस ने यीशु को बपतिस्मा दिया, और पौलुस ने उनसे कहा कि वे पवित्र आत्मा को इस प्रकार से नहीं पा सकते है। उन्हें वापस आकर और यीशु के नाम में, फिर से बपतिस्मा लेना था, इससे पहले कि उन्हें पवित्र आत्मा मिल सकें। कितने लोग जानते हैं कि यह वचन है? प्रेरितो के काम, 19वा अध्याय। वहां आप हैं। कारण, स्वर्ग के राज्य को किसी अन्य तरीके से मोहर किया गया था, यीशु मसीह के द्वारा एक शपथ से, जो कि यह स्वर्ग में आधिकारिक रूप से होगा।

> *... पश्चाताप करो, और तुम में से हर एक जन* अपने *पापों की क्षमा के लिये यीशु मसीह के नाम से बप्तिस्मा ले,...* तुम *पवित्र आत्मा का दान को पाओगे।*
>
> क्योंकि, *प्रतिज्ञा तुमसे और तुम्हारी संतान से है,...* उनके *लिए* जो दूर–दूर है, *जितनो को प्रभु हमारा परमेश्वर बुलाएगा।*

आमीन। आइये हम प्रार्थना करे।

457 पिता परमेश्वर, आज रात, उन्नीस सौ और कुछ वर्ष बीत चुके हैं, फिर भी मनुष्य के हृदय की ईमानदारी और सत्यनिष्ठा अभी भी परमेश्वर के लिए रोती है, जैसे बच्चा अपनी माँ के स्तन के दूध के लिए रोता हैं। हम आपसे प्रेम करते हैं, प्रभु। हम आपके बिना नहीं रह सकते। जैसा दाऊद ने कहा, “मेरा प्राण तेरे लिये प्यासा है, जैसे हरिणी नदी के लिये प्यासी होती है।” उसे अवश्य ही यह चाहिए, या तो वो मर जाएगी।

458 और, पिता, हमने वचनों में होते हुए अच्छी तरह से आगे और पीछे ढूंढा है। अलग होने के लिए नहीं, लेकिन हम इन धर्म विद्यालयों, आज धर्म ज्ञान के छात्रों को देखते हैं, जो मनुष्यों की आज्ञाओं के अनुसार प्रचार करते हैं, न कि परमेश्वर की आज्ञाओं के अनुसार। इसलिए, प्रभु, हम उन मनुष्यों का तिरस्कार नहीं करते, लेकिन जो बातें वे सिखाते हैं उनको तिरस्कार करते हैं। इसलिए, प्रभु, हम मांगते हैं कि वे हमारे भाई बनें। हम मांगते हैं कि आप उन्हें उनकी गलती के लिए क्षमा करें। और हम प्रार्थना करते हैं कि वे वचन के पास आएं, इसे पढ़ें, उस तरह से नहीं जिस तरह से कोई धर्म विद्यालय इसे सिखाते है, लेकिन उस तरह से जिस तरह से परमेश्वर ने इसे लिखा है।

459 हम अब प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर, कि ये उम्मीदवार जो आज रात पानी के बपतिस्मा के लिए आ रहे हैं, जैसा कि हमारे साहसी पास्टर यहाँ इस मंच पर से चलकर जाते हैं, सुसमाचार का प्रचार करने के लिए, यही सुसमाचार, और फिर बपतिस्मा देने वाले तालाब की ओर, दफनाने के लिए, प्रभु, इसे प्रदान करे, कि इनमें से हर एक जन पवित्र आत्मा को पाये, क्योंकि आपने प्रतिज्ञा की थी, "तुम पवित्र आत्मा को पाओगे।" होने पाए परमेश्वर का आत्मा आज रात पानी के ऊपर रुका हुआ हो ताकि आज रात उम्मीदवार इसे पा सके, क्योंकि हम उन्हें यीशु मसीह के नाम में, आपके हाथों में सौंप देते हैं। आमीन।

***इब्रानियों, अध्याय सात** 2* HIN57-0922E

(Hebrews, Chapter Seven 2)

इब्रानियों श्रृंखला की किताब

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 22 सितंबर, 1957 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org